


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 118 | ग्वालियर मंगलवार, 14 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### सबका है बजट, टैक्स छूट देने से विपक्ष नाराज

**नई दिल्ली।** सीतारामन ने बजट 2023 पेश कर दिया है. इस बजट पर केंद्रीय खेल और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने न्यूज के साथ खास बातचीत की है. इस दौरान उन्होंने बजट की खूबियों को बताया और कहा कि ये बजट सभी के लिए है. टैक्स में छूट देने से विपक्ष नाराज है. उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल का पहला बजट है और सम्पूर्ण भारत को विकसित करने का दमखम रखता है. अनुराग ठाकुर ने बात करते हुए कहा कि ये सम्पूर्ण बजट है और हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ है. तभी विपक्ष थोड़ा निराश दिखता है और राजनीति करने का प्रयास करता है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट पेश करते हुए कहा था कि ये अगले 25 सालों का ब्लू प्रिंट है. वित्त मंत्री की इस बात का जवाब देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 लाख करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए कभी नहीं दिया गया. इससे एक आधारभूत ढांचा तैयार होगा. उन्होंने कहा कि 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये रेलवे के लिए दिया गया जो अब तक का सबसे बड़ा ऐलान है. इसके अलावा कृषि क्षेत्र में लोगों के लिए 20 लाख करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई. विपक्ष का कहना है कि महंगाई को लेकर इस बजट में कोई बात नहीं की गई तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हम दुनिया के देशों जैसे, अमेरिका, यूरोप यहां तक कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी तुलना करें तो भारत में महंगाई कंट्रोल में है, लगातार नीचे आई है. दुनिया की संस्थाओं की बात करें या फिर अपने इकोनॉमिक सर्वे की बात करें तो 6.5 प्रतिशत की दर दिखाई है.

### आधा घंटा दो मैं बताती हूं कि कैसे...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट 2023 को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है. सीएम ममता ने 2023 को आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा है. सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि बजट को 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें आधे घंटा दिया जाए तो वह इससे अच्छा जनहितैषी बजट बनाकर दिखा सकती हैं. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के बोलपुर में बुधवार (1 फरवरी) को सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि केंद्रीय बजट जनविरोधी है और इसमें गरीबों का खयाल नहीं रखा गया है. उन्होंने दावा किया कि इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव करने से किसी का भला नहीं होगा. मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, यह केंद्रीय बजट भविष्यवादी नहीं है, पूरी तरह अवसरवादी है, जनविरोधी और गरीब विरोधी है. एक केवल एक वर्ग के लोगों को ही फायदा पहुंचाएगा. यह देश में बेरोजगारी का मुद्दा हल करने में मदद नहीं करेगा. इसे 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है. सीएम ममता ने कहा, आयरकर स्लैब में बदलाव किसी की मदद नहीं करेंगे. इस बजट में आशा की कोई किरण नहीं है. यह एक डार्क बजट है. मुझे आधा घंटा दो, मैं दिखाऊंगी कि गरीबों के लिए बजट कैसे बनाते हैं. बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बुधवार (1 फरवरी) को संसद में 2023-24 का बजट पेश किया. उन्होंने नई टैक्स व्यवस्था के तहत 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वालों के लिए कोई टैक्स नहीं देने की घोषणा की है लेकिन पुरानी व्यवस्था में बने रहने वालों के लिए कोई बदलाव नहीं किया है.

### ट्रेन के टॉयलेट का हुआ मेकओवर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीटर पर ट्रेन के टॉयलेट मेकओवर का वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में काफी लोगों के रिएक्शन मिले हैं और इसकी सराहना भी हो रही है. इस वीडियो में अश्विनी अपग्रेडेड शौचालयों की बेहतर सुविधाओं की समीक्षा करते हुए दिखाई दे रहे हैं. इस क्लिप में काम शुरू होने से पहले और बाद का अंतर भी दिखाया गया है. इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा मौजूदा कोचों के लिए नए अपग्रेडेड शौचालय डिजाइन का निरीक्षण किया. इसमें मरम्मत से पहले और बाद में ट्रेन के अंदर शीशे, वॉश बेसिन और टॉयलेट सीट की स्थिति को दिखाती है. खबर लिखने तक वीडियो को 6 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. एक यूजर ने इसे काफी अच्छा काम बताया है. एक यूजर ने इसके रखरखाव को लेकर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि यह काफी अच्छा काम है लेकिन रखरखाव के बारे में उन्हें ज्यादा चिंता है. आशा है कि भविष्य में इसे बनाए रखा जाएगा. एक अन्य यूजर ने लिखा निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन हमारे ट्रेन के डिब्बों में किया जाना है. सभी कर्मचारियों को धन्यवाद जिन्होंने इसे संभव बनाया है. एक व्यक्ति ने कमेंट में लिखा है, यह हमारी भी जिम्मेदारी है कि इसका सही इस्तेमाल करें. एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, भारतीय रेलवे में शौचालयों के साथ रखरखाव और सफाई सबसे बड़ा मुद्दा है, चाहे हम किसी भी श्रेणी में यात्रा कर रहे हों. इस मुद्दे पर भी गौर किया जाना चाहिए. वहीं, एक ने मंत्री की सराहना करते हुए लिखा है कि आप वास्तव में स्थितियों में सुधार कर रहे हैं और लोगों के लिए अच्छी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं.

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में करणी सेना ने किया हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में कथित देश विरोधी और हिंदू विरोधी गतिविधियों को लेकर करणी सेना बुधवार (1 फरवरी) को एएमयू में हनुमान चालीसा का पाठ करने वाली थी. इससे पहले ये लोग यहां पहुंचते पुलिस ने करणी सेना के लोगों को नजरबंद कर लिया. करणी सेना के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के आवास के बाहर काफी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे. दरअसल, गणतंत्र दिवस समारोह में धार्मिक नारेबाजी की गई थी. इसको लेकर करणी सेना एएमयू में सर्किल पर हनुमान चालीसा का पाठ करने का ऐलान किया था. करणी सेना के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने आवास पर इकट्ठा होने के लिए कहा था. उधर, इस चीज की भनक पुलिस को भी लग गई. कार्यकर्ता उपाध्यक्ष के आवास पर पहुंच पाते उससे पहले पुलिस वहां पहुंच गई और सभी को नजरबंद कर लिया. इसके बाद ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के घर के बाहर पुलिस और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई.

## गांव, गरीब और किसानों का रखा गया ध्यान

**नई दिल्ली।** संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने मोदी सरकार 2.0 का आखिरी पूर्ण बजट पेश किया. आम बजट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसमें गांव, गरीब और किसानों का ध्यान रखा गया. उन्होंने कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास का भी खास ध्यान रखा गया है. प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट से विकसित भारत का सपना पूरा होगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने टेक्नोलॉजी पर बहुत बल दिया है. उन्होंने कहा कि बजट में वंचितों को वरियता दी गई है. महिलाओं के लिए भी विशेष बजट है. प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बजट भारत के विकास को नई गति देगा. उन्होंने कहा इस बजट में स्स्स्थ्ह्य का भी ध्यान रखा गया है और पेमेंट की भी नई व्यवस्था बनाई गई है. प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं निर्मला सीतारामन को इस बजट के लिए बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा. उन्होंने कहा, ÷ये बजट वंचितों को वरीयता देता है. ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा.



प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने गांव से लेकर शहर तक में रहने वाली हमारी महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं, उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा, देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आई है. ऐसे लोगों के लिए ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी, क्रेडिट, और मार्केट सपोर्ट की व्यवस्था की गई है. पीएम-विकास से हमारे करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आएगा. पीएम मोदी ने कहा कि यह बजट सहकारिका को बढ़ावा देगा, जहां ग्रामीणों के लिए सुविधा होगी. उन्होंने ये भी कहा कि दूध और मछली पालन के क्षेत्र का विस्तार होगा, एग्रीक्लचर में डिजीटल चीजों में बढ़ोतरी हों, इसके लिए व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि ये बजट लोगों को आय के नए अवसर उपलब्ध करवाने का कार्य करेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई की लिए दो लाख के अतिरिक्त ऋ्श्रा की गारंटी भी दी गई है. प्रधानमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400त्न से ज्यादा की वृद्धि की गई है. उन्होंने कहा कि इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा. यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा. पीएम मोदी ने कहा, आज जब मिलेट्स पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों के नसीब में है. अब इस सुपर फूड को श्री अन्न के नाम से एक नई पहचान दी गई है. श्री अन्न से हमारे छोटे किसानों और किसानी करने वाले आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक सबल मिलेगा.

## बजट में भी नहीं मिली सीनियर सिटीजन को रेल किराये में छूट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने साल 2023-24 का बजट पेश कर दिया है. इस बजट में तमाम तरह के एलान किए गए हैं और कई सेक्टर्स को राहत देने की कोशिश हुई है. रेलवे को लेकर भी बजट में कुछ बड़े एलान किए गए हैं. जिसमें वित्त मंत्री ने बताया कि रेल बजट को इस बार 2.4 लाख करोड़ कर दिया गया है. हालांकि रेल का सफर करने वाले सीनियर सिटीजन को इस बजट से राहत नहीं मिली. उम्मीद थी कि इस बार बजट में एलान किया जा सकता है कि सीनियर सिटीजन को रेलवे किराये में एक बार फिर छूट दी जाएगी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ. कोरोना महामारी से पहले देशभर के सीनियर सिटीजन को रेलवे किराये में छूट दी जाती थी. साल 2019 में कोरोना महामारी के चलते इसे बंद कर दिया गया. पहले 60



साल से ज्यादा उम्र के लोगों को 40 फीसदी और 58 साल की महिलाओं को 50 फीसदी तक छूट का प्रावधान था. इसके बाद से ही लगातार उम्मीद लगाई जा रही थी कि सरकार बुजुर्गों को राहत देगी. रेलवे ने छूट खत्म करने के बाद करोड़ों की कमाई की थी.

निर्मला सीतारामन ने अपने बजट भाषण में कहा कि ये अमृत काल का पहला बजट है. यह बजट अगले 25 साल का ब्लू प्रिंट है. दुनिया में सुस्ती के बावजूद 7प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान है. उन्होंने कहा कि रिफार्म पर फोकस किया जाएगा और मजबूत नीतियों से हम बेहतर कर पाएंगे. 28 महीनों में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया. 2 लाख करोड़ रुपए का भार केंद्र सरकार उठाएगी. भारत दुनिया मे 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना.जम्मू कश्मीर, लद्धाख, और पूर्वोत्तर पर सरकार का फोकस है. आत्मनिर्भर क्लीन प्लांट प्रोग्राम के लिए 2200 करोड़ रुपये का ऐलान किया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के कर्ज का लक्ष्य है.

## शरीयत परिषद अदालत नहीं है, मुस्लिम महिलाओं की तलाक प्रकिया को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने दिया अहम फैसला



**नई दिल्ली।** मुस्लिम महिलाओं की तलाक लेने वाली प्रक्रिया खुला को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा है कि खुला के तहत विवाह संबंध खत्म करने के लिए किसी महिला को शरीयत परिषद जैसे किसी निजी निकाय के पास जाने की जरूरत नहीं है, वह इसके लिए परिवार अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है. कोर्ट ने कहा है कि शरीयत परिषद जैसी निजी संस्था खुला के जरिये शादी खत्म करने की घोषणा नहीं कर सकती है और न ही वो इसे प्रमाणित कर सकती है. हाई कोर्ट ने कहा, वे विवादों की (शरीरत परिषद) अदालतें या मध्यस्थ नहीं हैं. अदालतों ने भी ऐसे अभ्यास से असहमति जताई है. कोर्ट ने कहा कि इसलिए ऐसी निजी संस्थाओं की ओर से जारी किए जाने वाले खुला प्रमाणपत्र अमान्य हैं. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, तमिलनाडु तौहीद जमात नामक शरीयत परिषद ने 2017 में एक शख्स की पत्नी को खुला प्रमाणपत्र जारी किया था. इस प्रमाणपत्र को खारिज करवाने के लिए शख्स ने मद्रास हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की थी. मामले पर न्यायमूर्ति सी सरवनन ने सुनवाई की और जमात की ओर से जारी किए गए खुला प्रमाणपत्र को खारिज कर दिया. जस्टिस सरवनन ने अपने फैसले में कहा, खुला तलाक का एक रूप है जो पति को मिले तलाक के अधिकार के समान है. फैसले में कहा गया कि मद्रास हाई कोर्ट ने बादर सईद बनाम भारत संघ, 2017 मामले में अंतरिम रोक लगा दी और उस मामले में उत्तरदाताओं (काजियों) जैसे निकायों को खुला के जरिये शादी खत्म करने को प्रमाणित करने वाले प्रमाणपत्र जारी करने से रोक दिया. हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता और उसकी पत्नी को निर्देश दिया कि वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु विधिक सेवा प्राधिकरण या एक परिवार अदालत से संपर्क करें. उच्च न्यायालय ने कहा, जैसा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 के तहत मुस्लिम महिलाओं के लिए तलाक लेने के संबंध में खुला की व्यवस्था है, इसके लिए वह अदालत का दरवाजा खटखटाकर शादी को भंग करने के अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकती है, यह एक जमात के कुछ सदस्यों वाले स्व-घोषित निकाय के समक्ष नहीं हो सकता है.

## 33 हजार रुपये आपकी जेब में डालकर मोदी सरकार ने सेट कर दिया लोकसभा चुनाव का एजेंडा

9 राज्यों में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मोदी सरकार ने एजेंडा सेट कर दिया है. इनकम टैक्स भरने वालों के लिए सरकार ने बड़ी राहत देने के साथ ही पीएम आवास योजना का भी बजट बढ़ा दिया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण में बजट भाषण में ऐलान किया है कि पुराने टैक्स सिस्टम के साथ-साथ अब नया टैक्स सिस्टम लागू होगा. नए सिस्टम के तहत 7 लाख तक की आय में टैक्स नहीं देना पड़ेगा. करदाता के पास पुराने टैक्स सिस्टम का भी विकल्प रहेगा. देश में 8 करोड़ लोग टैक्स देते हैं और जिन राज्यों में चुनाव है, वहां इनकी संख्या 1 करोड़ 33 लाख के करीब है. जिस तरह से टैक्स घटाया है उस हिसाब से अधिकतम 33800 रुपये तक लोगों को फायदा होने जा रहा है. जाहिर है इसका फायदा सीधे तौर न सिर्फ टैक्स देने वालों को होगा, हाथ में पैसा बढ़ेगा तो खपत भी बढ़ेगी. इसका नतीजा ये होगा कि अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे.

चुनाव से पहले टैक्स में छूट हाल ही के दिनों में मोदी सरकार का अब तक सबसे बड़ा फैसला है जिससे लोगों को सीधा फायदा मिलने जा रहा है. इसके साथ ही साल 2015 में शुरू की गई पीएम आवास योजना पर मोदी सरकार ने बजट बढ़ा दिया है. इस योजना ने बीते लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के ऐलान के मुताबिक पीएम आवास योजना में पिछले बजट की तुलना में 66 फीसदी ज्यादा फायदा हुआ है. साल 2022-23 में इस योजना में 48 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था. इस बार के बजट में 79 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है. पीएम आवास योजना प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है. सरकार की ओर से मिले आकंड़ों के मुताबिक अब तक 2.95 करोड़ लोगों को इस योजना के तहत घर देने का लक्ष्य रखा गया है. अब तक 2.49 करोड़ लोगों को इसका फायदा पहुंचाया जा चुका है. इसके साथ ही दिसंबर 2022 में 2.10 करोड़ घर तैयार किए जा चुके हैं. इस योजना का ही असर था जिसकी वजह से महिलाओं ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को जमकर वोट दिया था. कुल मिलाकर जो माना जा रहा था वही हुआ. मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव का एजेंडा आर्थिक मोर्चे पर सेट कर दिया है. बता दें कि इस साल मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, कर्नाटक, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं. इसके साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 में होगा. हालांकि मोदी सरकार के इस बजट से विपक्ष के नेता खुश नहीं है. आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, न किसान, न जवान और न नौजवान, इस बजट में नहीं है कोई प्रावधान, अमृतकाल में अमृत के लिए तरह रहा है आम इंसान, पूंजीपतियों के लिए लूट हुई आसान. समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई बजट महंगाई एवं बेरोज़गारी दोनों को और बढ़ाता है.

## हम बिना किसी टैक्स छूट के नया टैक्स सिस्टम बनाना चाहते हैं: वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट पेश करने के बाद अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस बजट में उन्होंने संसाधनों और खर्चों के बीच संतुलन बिठाने की कोशिश की है. कैपिटल एक्सपेंडीचर से लेकर आम जनता खासकर मिडिल क्लास के लिए टैक्स के नियमों में छूट दी है. देश डायरेक्ट टैक्स के नियमों के आसान होने का इंतजार कर रहा था और सरकार ने इस बजट के जरिए ऐसा कर दिखाया है.

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने क्या कहा**–वित्त मंत्री ने कहा कि पब्लिक सेक्टर इंवेस्टमेंट को हमारी सरकार संतुलित करने की कोशिश कर रही है और इसके साथ ही टैक्स के नियमों को आसान बनाने के लिए भी प्रयास लगातार जारी हैं. इसके साथ ही साथ एमएसएमई सेक्टर को बड़ा कर्ज देने के जरिए उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश की जा रही है.

**नई टैक्स व्यवस्था के बारे में वित्त मंत्री ने**



**क्या कहा**–वित्त मंत्री ने कहा कि ये एक ऐसा बजट है जो पूरी तरह संतुलित है. हम बिना किसी कर छूट के नई टैक्स व्यवस्था बनाना चाहते हैं. हमारा फोकस ग्रीन ग्रोथ पर है. वित्त मंत्री ने कहा कि नए टैक्स सिस्टम को बेहतर और आसान बनाया गया है और इसके जरिए हम बिना किसी टैक्स छूट के नया टैक्स सिस्टम बनाना चाहते हैं.

**मध्यम वर्ग को होगा लाभः वित्त मंत्री**आयकर स्लैब में बदलाव से मध्यम वर्ग को लाभ होगा. हम एक भविष्यवादी फिनटेक को देख रहे हैं. सरकार विभिन्न क्षेत्रो में डिजिटल अर्थव्यवस्था को खोलने की कोशिश कर रही है. सरकार ने इस बार जो कैपिटल एक्सपेंडीचर में इजाफा किया है वो पहली बार दहाई अंकों में किया गया है. 10 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत निवेश परिव्यय के जरिए सरकार की प्राथमिकता देश के आर्थिक विकास को तेज करने पर है. सरकार का ध्यान रोजगार को बढ़ाने पर हैं और साथ ही इसमें तेजी लाने के प्रयासों पर हैं. भारत में फिनटेक कंपनियों के लिए बड़े अवसर आ रहे हैं सरकार इन्हें बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से इंसेटिव दे रही है क्योंकि ये भविष्य की मांग है. देश में देखा जाए तो एमएसएमई सेक्टर देश की आर्थिक तरक्की का इंजन है और इसे मजबूती देने के लिए ही सरकार की ओर से भारी-भरकम बजटीय आवंटन किया गया है. महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है और देश की तरक्की में उनकी भागीदारी को और बढ़ाया जा रहा है. सरकार इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए भी जोरदार तरीके से प्रयास कर रही है और औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा. बजट में टूरिज्म सेक्टर के लिए युवाओं के प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है और पर्यटन इंडस्ट्री के लिए जो बजटीय आवंटन किया गया है वो बेहद तर्कसंगत है.



## उर्फी जावेद ने डस्टबिन बैग और नाखून के बाद क्लोथ पिन से बनाई ड्रेस, देख आप भी कहेंगे क्या बात है



सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद का नया अवतार सामने आ गया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से ऐसा वीडियो पोस्ट किया कि हर बंदा अपने घर में कपड़े सुखाने के लिए चला गया और जब वापिस आया तो सभी ने एक ही शिकायत की। अगर आपको लग रहा है कि इस बार उर्फी ने रस्सियों से अपनी ड्रेस बनाई है, तो आपको बता दें आप बिल्कुल गलत सोच रहे हैं। ये कारनामा तो वो पहले ही कर चुकी हैं। इस बार जो उन्होंने किया है उसे देखकर आप उनके फैशन सेंस पर सवाल नहीं उठा पाएंगे। वैसे भी इस बार उनके कपड़े जरा भी अश्लील नहीं है बस कुछ हटके हैं। इस बार जो उर्फी को आईडिया आया है, यकीन मानिए उन्होंने हर किसी को पीछे छोड़ दिया हैं। रस्सी, नाखून और डस्टिन बैग से ड्रेस बनाने के बाद अब उन्होंने एक ऐसी चीज से अपने कपड़े डिजाइन किए हैं, जो रोजमर्रा की जिन्दगी में बेहद काम आती है। अब उर्फी जावेद ने वाकई हर किसी को अपने आउटफिट से हैरान कर दिया है। हाल ही में, उर्फी ने क्लोथ पिन से एक अनोखी ड्रेस बनाई है। जी हां, अब उर्फी जावेद क्लोथ पिन की ड्रेस पहने दिखाई दीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसका वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में वो इस खूबसूरत ड्रेस में अपनी ग्लैमरस अदाएं बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। इस बार उन्होंने क्लोथ पिन से वन पीस ड्रेस तैयार की है, जिसमें वो बहुत सुंदर लग रही थीं। उर्फी जावेद ने अपने इस अनदेखे लुक को हाई हील्स, हाई पोनीटेल और ग्लॉसी मेकअप से पूरा किया। वैसे दूर से देखने पर कोई नहीं कह सकता कि ये ड्रेस क्लोथ पिन से बनी होगी। लेकिन जब करीब से देखते है।

## कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म शहजादा को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी, यू/ए सर्टिफिकेट से भी हुई पास



बॉलीवुड के मोस्ट क्यूट हीरो की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म शशहजादाश को लेकर काफी सुर्खियों में चल रहे हैं। आज कार्तिक आर्यन कामियाबी की जिस ऊंचाई पर पहुँच चूँके हैं उसपर पहुंचना हर एक एक्टर का सपना होता हैं। बॉलीवुड में अपने कमाल अभिनय प्रदर्शन से सबके दिलो पर राज करने वाले वाले कार्तिक आज फिल्मी दुनिया का एक अनोखा सितारा बन चुके हैं। जैसा की सभी जानते हैं उनकी प्रीवियस मूवी भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर ताबड़तोड़ कमाई की थी। इसके बाद उनकी अगली पेशकश ओटीटी रिलीज फ्रेडी में भी कार्तिक के अभिनय की लोगों ने जमकर तारीफ की थी जिसमे कार्तिक कुछ अलग ही सरफिरे अंदाज में नजर आए थे। अब ये डैशिंग स्टार अपनी अगली फिल्म शहजादा के साथ सिनेमाघरों में सबका मनोरंजन करने आ रहा हैं। रोहित धवन द्वारा निर्देशित फिल्म शशहजादाश में कृति सेनन भी कार्तिक के ऑपोसिट अभिनय करती नजर आएँगी। जहाँ एक ओर ये फिल्म पहले 10 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, तो वही अब बाद में फिल्म की रिलीज डेट को टाल कर 17 फरवरी कर दिया गया। अब फिल्म शाहजादा सिनेमाघरों में इस शुक्रवार को अपनी धमाकेदार बोनी के लिए तैयार बैठी हैं। साथ ही ये इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक में आने वाली फिल्म बन चुकी है। और अब तो सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को पास कर दिया जा चुका है।मीडिया रिपोर्ट की माने तो सीबीएफसी ( सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) ने भी फिल्म को यूध्ए सर्टिफिकेट के साथ अपनी मंजूरी दे दी है। इसी के साथ फिल्म शहजादा को पूरे 145 .27 मिनट यानी 2 घंटे, 25 मिनट 27 सेकंड के रन टाइम के साथ पास किया गया है। साथ ही ये फिल्म 2020 में रिलीज हुई एक टॉलीवुड मूवी जिसे एक्टर अल्लू अर्जुन स्टारर शअला वैकुंठप्रेमुलुश की एक हिंदी रीमेक बताया जा रहा है। शहजादा पूरे एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस के साथ एक ऑल-आउट एंटरटेनर का पैकेज अपने दर्शको के लिए ला रही है। बात करे फैंस कि तो रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। कार्तिक आर्यन के फैंस इस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म शहजादा के अबतक कई सांग्स को आउट कर दिया गया हैं जिसमे से एक हैं उनकी फिल्म का कैरेक्टर ढीला 2.0 जोकि सोशल मीडिया पर जमकर धमाल मचा रहा है।



## ब्राइडल लुक ने किया मदहोश! किसकी दुल्हन बनने जा रही है ये एक्ट्रेस?

निक्की तंबोली ने अपनी पहचान बिग बॉस सीजन 14 में एंट्री लेकर बनाई। आपकी जानकारी के लिए बता दे बिग बॉस में एंट्री लेने से पहले निक्की को हिंदी सिनेमा में कोई नहीं जानता था क्योंकि निक्की साउथ इंडस्ट्री की हीरोइन थी। वही बिग बॉस में निक्की टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में से एक थी पर शो की विनर नही बन पाई। बिगबॉस के बाद से ही निक्की ने अपना जलवा लोगों पर बिखेरा हुआ है। उनकी ड्रेस और लुक से लोगों को खूब पसंद किया गया था। हालांकि, रिवीलिंग ड्रेस में जलवा दिखाने वाली निक्की ने अपने लेटेस्ट ट्रेडिशनल लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया है। निक्की के बोल्ड और हॉट लुक पर काफी लोग मरते है। हाल ही में निक्की ने अपने लेटेस्ट ट्रेडिशनल लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया है। निक्की ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह दुल्हन के लिबास में दिख रही हैं। दुल्हन के लिबास में नजर आ रही है।बता दें दुल्हन के लिबास में नजर आ रही निक्की किसी शहजादी के कम नहीं दिख रही है। अगर आप सोच रहे है निक्की तंबोली को दूल्हा मिल गया है और निक्की शादी के बंधन में बंधने जा रही है तो ऐसा नहीं है। निक्की ने ब्राइडल लुक एक मैगजीन के फोटोशूट के किया है। एक्ट्रेस ने फोटोस में स्काई ब्लू कलर का लहंगा पहना है। जिसमें एक्ट्रेस ने अपने लुक को थ्री लेयर नेकलेस, इयररिंग्स, रिंग्स और एक बैंगल से पूरा किया है। ग्लिटरी आईज, न्यूड मेकअप और खुली जुल्फों में वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं, फैंस द्वारा उनकी इन फोटोज को खूब पसंद किया जा रहा है।



## क्या बात है क्या डांस हैं..., साउथ के दिग्गज एक्टर मोहनलाल से अक्षय कुमार ने करवा डाला भांगड़ा

बॉलीवुड और साउथ के दिग्गज स्टार्स जब एक साथ आते है तो फैंस की चांदी हो जाती है। हाल ही में ऐसा नजारा हॉटस्टार प्रेसिडेंट के बेटे गौतम माधवन की शादी में देखने को मिला। इस शादी को अटेंड करने के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान और अक्षय कुमार दोनों ही जयपुर पहुंच थें। इस शादी से अक्षय कुमार एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसे फैंस खूब पसंद भी कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो साउथ के मशहूर अभिनेता मोहनलाल के साथ जमकर भांगड़ा करते दिख रहे हैं। शेयर किए वीडियो में अक्षय और मोहनलाल दोनों एक दूसरे के पैर में पैर फंसाकर भांगड़ा कर रहे हैं। डांस करने के बाद फिर दोनों एक दूसरे के गले भी मिलते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने मोहनलाल के लिए एक प्यारा-सा कैप्शन भी लिखा है। अक्षय ने कैप्शन में लिखा, ह्वमैं इस डांस को हमेशा याद रखूंगा, ये मेरे लिए बहुत यादगार पल है ह्व अक्षय कुमार और मोहनलाल का डांस वीडियो फैंस को बहुत अच्छा लग रहा है और वो जमकर वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट कर अक्षय और मोहनलाल को प्रियदर्शन के दो अनमोल रतन बताया है। दूसरे यूजर ने लिखा, ट्रू लीजेंड। एक अन्य यूजर ने कहा, क्या बात है क्या डांस हैं। बता दें कि हॉटस्टार प्रेसिडेंट के बेटे की शादी में कई बॉलीवुड और साउथ स्टार्स ने शिरकत की थी।



## कैंसर की जंग लड़ रहे मासूम फैन के लिए राम चरण ने किया ऐसा काम, देख दिल हार बैठेंगे आप

साउथ स्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर से दुनियाभर में पॉपुलर हो गए हैं। उनकी फिल्म ने भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी शानदार कमाई की है और साथ ही कई अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए हैं। आरआरआर के बाद से राम चरण की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ गई है, लड़कियां ही नहीं बल्कि बच्चों के बीच भी राम चरण काफी पॉपुलर हो गए हैं। मगर इस बार राम चरण ने कुछ ऐसा किया है जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। राम चरण की एक्टिंग नहीं बल्कि उन्होंने इस बार अपनी दरियादिली से लोगों का दिल जीत लिया है। फैंस तो अपने फेवरेट एक्टर के लिए कुछ भी करने का जज्बा रखते हैं हालांकि ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि जब स्टार अपने फैन के लिए कुछ करता है। राम चरण अपनी शानदार एक्टिंग के अलावा अपने विन्रम स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर उन्होंने अपने काम से सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया। दरअसल, एक्टर ने नौ साल के छोटे से बच्चे की ख्वाहिश पूरी की। एक्टर की इस दरियादिली ने लोगों का जीत लिया है और हर कोई बस अब उनकी तारीफ कर रहा है। बता दें कि राम चरण ने जिस बच्चे की विश पूरी की है वो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहा है। इस बच्चे का नाम रवुला मणि कुशल है जिसका इलाज स्पर्श हॉस्पाइस हॉस्पिटल में चल रहा है। बच्चे की इच्छा थी कि वो राम चरण से मिले और उनके साथ कुछ टाइम स्पेंड करे। ऐसे में हॉस्पिटल की डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी ने बच्चे का सपना पूरा किया और साउथ सुपरस्टार राम चरण से बच्चे की मुलाकात करवाई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इंटरनेट पर वायरल हो रही तस्वीरों में राम चरण अपने नन्हें फैन रावुला मणि कुशल के साथ बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। राम चरण ने बच्चे के साथ क्वालिटी टाइम बिताया और उसे अपनी तरफ से एक गिफ्ट भी दिया। इस दौरान एक्टर ने बच्चे से काफी सारी बातें की और उसके जीवन में आशा की भावना पैदा की, जिससे बच्चे को कैंसर की जंग लड़ने की हिम्मत मिली। एक्टर ने ना सिर्फ अपने अपने फैन की विश पूरी करके ना सिर्फ उस मासूम के फेस पर स्माइल ला दी, बल्कि एक्टर के इस कदम ने हर किसी दिल छू लिया।

## नोरा फतेही संग जंगल में रोमांटिक अंदाज में नजर आए अक्षय कुमार, फैंस ने ट्विंकल खन्ना को किया टैग

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अक्षय कुमार पूरे फिल्मी दुनिया में अपने बेहतरीन अभिनय प्रदर्शन के लिए फेमस हैं। यहाँ तक कि इनको बॉलीवुड में खिलाडी कुमार तक के नाम से भी जाना जाता हैं। तो वही दूसरी तरफ आती हैं बॉलीवुड में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नोरा फतेही जिनके डांस मूव्स तो पूरे फिल्मी जगत में कॉपी किया जाते हैं। तुम हुस्न परी,तुम सबसे हसीन,तुम सबसे जवां, नोरा फतेही की अदाओं को देखकर कोई ये न बोले ऐसा तो हो ही नहीं सकता। लेकिन इन दिनों एक्ट्रेस नोरा फतेही और हमारे खिलाडी कुमार (अक्षय कुमार) का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। बता दे कि इस वीडियो में दोनों की लाजवाब रोमांटिक कैमिस्ट्री दिखाई दे रही है। अक्षय कुमार ने इस वीडियो को



अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकॉउंट पर शेयर किया है। वीडियो में अक्षय और नोरा को ह्वकुड़िए नी तेरेह्व गाने पर डांस करते हुए देखा जा रहा है जिसमे उनकी केमिस्ट्री काफी खूब नजर आई। इस गाने में जहाँ अक्षय कुमार फुल ब्लैक आउटफिट में हैं तो वहीं ग्रीन गाउन में नोरा फतेही जंगल में आग लगाती नजर आ रही हैं। गाने में नोरा के डांस और कातिलाना अदाओं पर फैंस बड़े फिदा हो रहे हैं। वीडियो में एक ओर जहाँ अक्षय कुमार नोरा के डांस मूव्स पर फिदा होते हुए नजर आ रहे हैं। तो वही लहराती-बलखाती नोरा भी जब अपनी कमर हिलाती हैं तो अक्षय के दिल की धड़कन भी बढ़ती दिखाई देती है।

### मानसिक रूप से कमजोर युवक लापता

मुरादाबाद। मोहल्ला पटेगंज काजियान मस्जिद ग्राम कांठ मुरादाबाद निवासी 12 वर्षीय अलफेज तीन दिन से लापता हैं। शहर थाने को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराते हुए अलफेज के पिता मोहम्मद साबिर ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। 9 फरवरी को घर से बाहर कहीं निकल गया।हालांकि आसपास के सभी रिश्तेदारों के घर उसकी तलाश की गई। परंतु कुछ पता नहीं चला। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण वह खुद का पता भी नहीं बता सकता। गायब युवक ने आसमानी रंग की टीशर्ट काले रंग की हाफ आस्तीन की जैकेट और काले रंग की पैंट पहने हुए हैं।

# प्रदेश में दस्यु अधिनियम समाप्त,फिर भी इसके तहत प्रकरण दर्ज क्यों : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने सरकार व सदन की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुये कहा है कि दस्यु अधिनियम 1982 मप्र विधानसभा में निरस्त/ समाप्त होने के बाद भी इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। आज भी ग्वालियर-चम्बल संभाग में इस अधिनियम की धाराओं का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है और पुलिस के रोजनामचे इन धाराओं से रंगे पड़े है । उन्हें यह भी नहीं पता कि जो अधिनियम समाप्त ही हो चुका है, उसकी धाराएं क्यों लगाई जा रही है। साथ ही प्रदेश के गृहमंत्री जो कि संसदीय कार्यमंत्री भी है, उनकी कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है कि जो अधिनियम विधानसभा से पारित होकर 30 सितम्बर 2021 को **निरसन हो चुका है, लेकिन उक्त अधिनियम के समाप्त होने के बाद भी ग्वालियर** - चम्बल संभाग के पुलिस थानों में धड़ल्ले से उक्त अधिनियम के तहत मामूली घटनाओं पर दस्यु अधिनियम की धाराएं लगातार लगाई जाकर निर्दोषो पर अत्याचार किया जा रहा है।

**नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा है कि यह विचारणीय प्रश्न है कि गृहमंत्री भी ग्वालियर** - चम्बल संभाग के ही है और उनके जिलों में ही निरसन दस्यु अधिनियम की धाराएं धड़ल्ले से लगाई जा रही है। डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी बाल मे से खाल निकालने में माहिर माने जाते है, लेकिन आश्चर्य है कि इस अधिनियम के समाप्त होने की उन्हें भनक तक नहीं लगी और वे उसी ढर्रे पर आज भी चल रहे है। डॉ गोविंद सिंह ने इस अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार की मांग की है साथ ही कहा है कि जिन पर भी इस अधिनियम की धारा का उपयोग किया गया है उन्हें इससे मुक्त कराये । डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि ग्रहमंत्री अपने ही कानून का पालन कराने में अक्षम साबित हुये यह उनकी कार्यशैली को दर्शाता है कि वे कितने जागरूक है।सिर्फ फिल्मों पर प्रतिक्रिया देने से ही कोई जागरूक नहीं हो जाता।यह तो दिया तले अंधेरा जैसी कहावत चरितार्थ हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री अपनी ब्रांडिंग के लिए प्रचार-प्रसार में अग्रणीय बने रहते है । गृहमंत्री अपने ही कानून का पालन करने में असक्षम साबित हुए है। यह उनकी कार्यशैली को दर्शाता है, कि वे कितने जागरूक है एवं दस्यु अधिनियम जो कि विधानसभा से पारित होकर दिनांक 30 सितम्बर 2021 को निरसन किये जाने के बावजूद भी इसका कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया है।उन्होंने मांग की है कि इस अधिनियम के समाप्त हो जाने के बाद ग्वालियर-चम्बल संभाग में दस्यु अधिनियम के तहत जितने भी प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं उनकी जाँच कराकर इन प्रकरणों को समाप्त कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाए।

# मालनपुर पुलिस ने चोरी के माल से भरे लोडिंग वाहन सहित दो चोरों को पकड़ा एक फरार

**दैनिक पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**



**मालनपुर** /पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में एवं गोहद



अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में चोरों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मालनपुर पुलिस ने सोमवार को फैक्ट्री से चोरी गए सामान से भरे लोडिंग वाहन को जप्त कर दो चोरों को धर दबोचा थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव के अनुसार रविवार रात्रि के दरमियान क्षेत्र में बंद पड़ी सी पी टी हॉट लायन फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड शैलेंद्र झा ने फैक्ट्री से चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थीद्य पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी थी थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और क्षेत्र में पुलिस बल लेकर चारों तरफ से तलाश कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि फैक्ट्री से चोरी गया सामान सिंघवारी के पास में लोडिंग वाहन में भरा खड़ा हुआ है तत्काल थाना प्रभारी पुलिस बल लेकर मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंचे और चोरी के सामान से भरे लोडिंग वाहन को जप्त कर धारा सिंह गुर्जर ड्राइवर पुत्र मानसिंह गुर्जर निवासी राणा जीत का पुरा मौ हाल निवासी ग्राम सिंह वारी एवं सचिन पुत्र छविराम जाटव सिमरिया थाना घाटीगांव हाल निवासी खरूरी को गिरफ्तार किया एक आरोपी भीमा जाटव भागने में सफल रहा पुलिस उसकी भी तलाश करने में जुटी है द्य पकड़े गए चोरों से फैक्ट्री के बाउंड्री वाल का मेन गेट लोहे का,7 एंगल लोहे की ,नल के पाइप , लोहे की जाली, अलमारी, कुर्सियां इत्यादि फैक्ट्री से गया सामान बरामद किया एवम चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया वाहन क्रमांक नंबर स्क्क30त्त1310 वुलेरो लोडिंग जप्त किया चोरों के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया चतुर न्यायाधीश द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव, एएसआई नारायण सिंह धारिया, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक कमल माहोर , आरक्षक पंकज तोमर, आरक्षक नवीन तोमर ,आरक्षक सोनू माझी, मनीष माझी ,आदित्य गुर्जर, मंगल गुजर ,एवं पुलिस बल की सराहनीय कार्यवाही रही

# जागो हिंदुस्तानी 18 फरवरी को

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।**दिनेपालिया कागलीपुरा कनकपुरा रोड स्थित अमृतधारा गौशाला मैं महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गो भक्ति एवं देशभक्ति गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन होगा कोल्हापुर के प्रसिद्ध कलाकारों के समूह द्वारा प्रस्तुति से लोगों में देशभक्ति के जज्बे को जगाने का यह प्रयास है प्रातः 11ः00 बजे शिव गोसेवा भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी एवं जागो हिंदुस्तानी मध्यान्ह 1ः00 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र मुणोत करेंगे इस अवसर पर विभिन्न समाजों के विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे एवं विशेष अतिथि के रूप में राजस्थान पत्रिका बेंगलुरु के संपादकीय प्रभारी कुमार जीवेंद्र झा उपस्थित रहेंगे यह जानकारी गौशाला के अध्यक्ष बी जे शर्मा से प्राप्त हुई.

## भामाशाह रणजीत मल ने गौशाला में शेड निर्माण के लिए 11लाख राशि देने की घौषणा



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**दिनांक 11 फरवरी 20 23 को बेंगलुरु जैन मित्र मंडल के अध्यक्ष दानवीर भामाशाह रणजीत मल जितेंद्र आगमजी कानुंगा की तरफ से श्री बिलावास गौशाला सेवा समिति बिलावास ( सोजत सिटी) पाली राजस्थान को गौशाला में आर सीसी. शेड निर्माण कार्य के लिए 11 लाख राशि की घोषणा की गई। समिति की ओर से भामाशाह को बहुत बहुत धन्यावाद दिया ।और समिती की से खूब खूब अनुमोदना की गई।

## मेहगांव में आज सजेगा बाबा श्याम का अलौकिक दरबार

# दीवाने खाटू वाले मंडल मेहगांव द्वारा तृतीय बार्षिक् महोत्सव



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव ।** मिश्रा मैरिज गार्डन मेहगांव में दीवाने खाटू वाले मंडल के तत्वाधान में कलयुग के राजा खाटू बाबा श्री श्याम का अलौकिक दरबार सजेगा और भजन संध्या का आयोजन आयोजित किया जायेगा, कार्यक्रम का आरंभ रात्रि 8 बजे होगा। सुनहरी शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम में श्याम जगत के ख्याति गायक कलाकार श्री श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे और बाबा की स्तुती करेंगे। ÷दीवाने खाटू वाले मंडल मेहगांव÷ के श्याम प्रेमियों ने बताया कि खाटू वाले श्याम बाबा की महिमा का गुणगान भजन संध्या के माध्यम से करने के उद्देश्य से ÷दीवाने खाटू वाले के÷ मंडल का गठन कुछ बर्षो पहले किया था और श्याम अग्रवाल श्याम हवेली वाले के मार्गदर्शन में तीसरा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन प्रभु श्याम की महिमा घर-घर में पहुंचे इस संकल्प के साथ आयोजित होगा। श्याम बाबा के उत्सव को भजनों के माध्यम से सजाया गया है। इस आयोजन में श्याम जगत के विख्यात भजन गायक मुकेश बांग?ा जयपुर, गिन्नी कौर पटना और अतुल पारिक ग्वालियर बाबा का गुणगान करेंगे। श्री श्याम संकीर्तन में बाबा श्याम के दरबार को विशेष रूप से सजाया जाएगा। भजन संध्या में अंचल भर से श्याम प्रेमी श्री श्याम संकीर्तन में सहभागिता निभाएंगे। इस अवसर पर श्याम बाबा की अखंड दिव्य ज्योत, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, बाबा का दिव्य दरबार सहित बाबा को 56 भोग का नेवैद्य लगाया जाएगा।




# एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाएं : ओपीएस भदौरिया

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की बृहद मंडल बैठक ग्राम मानहड़ में टी पी




सिंह स्कूल प्रांगण में आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने की विशेष अतिथि के रूप में एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज शर्मा ,जनपद सदस्य रमन सिंह भदौरिया, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया,जिला मंत्री डॉक्टर तरुण शर्मा ,मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ,अरविंद सिंह भदौरिया, अनिल भारद्वाज ,पीयूष कुशवाह,बृजकिशोर राजावत,आलोक विमल,जिला पंचायत सदस्य होतम सिंह गुर्जर रज्जन सिंह भदौरिया आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद स्वागत भाषण एनजीओ प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक राजेश सिंह भदोरिया ने दिया एवं उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओपीएस. भदौरिया ने कहा कि मुझे खुशी है कि एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक इतने बड़े स्तर पर हो रही है एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी नीतियां है उनका प्रचार प्रसार करें एवं आमजन को ज्यादा से ज्यादा इन योजनाओं का लाभ दिलाएं जिससे पार्टी को आगामी सन 2023 में सहयोग मिले प्रदेश सरकार ने गांव गरीब किसान के विकास के लिए अपने खजाने खोल दिए हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं को एनजीओ प्रकोष्ठ के माध्यम से आगामी दिनों में लाडली बहना योजना आ रही है उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को डलवाना है और भी इस प्रकार की जो योजनाएं हैं एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर इन योजनाओं का लाभ आम गरीब को दिलवाए इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज शर्मा ने एनजीओ प्रकोष्ठ के बारे में विस्तार से बताया और विश्वास दिलाया कि एनजीओ प्रकोष्ठ भिंड जिले में आमजन के हित के लिए लगातार कार्य करेगा जिसका लाभ पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में भी मिलेगा हम हर पोलिंग बूथ तक अपना संगठन खड़ा करेंगे कार्यक्रम का संचालन अंकुष भदौरिया ने किया एवं अंत में आभार प्रकट पूर्व जनपद सदस्य रवि प्रताप सिंह भदोरिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मानहढ़ के सरपंच मुन्ना सिंह भदौरिया,राजेश भदौरिया ,आतेंद्र सिंह गुर्जर, शैलेंद्र सिंह भदोरिया ,संजीव सिंह भदोरिया, गुड्डू भदौरिया मंगल भदौरिया, रज्जन भदौरिया ,शैले भदौरिया, बबलू भदौरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सपा की कार्यकारिणी घोषित

**भिण्ड ।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नीरज यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल की अनुमति से जिला संगठन का विस्तार करते हुए समाजवादी पार्टी जिला भिण्ड के मनोनीत पदाधिकारियों की तीसरी सूची घोषित की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में भूपेंद्र सिंह गुर्जर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष,श्रीमती रेखा यादव जिला उपाध्यक्ष, विजय कुमार ओक्षा जिला कोषाध्यक्ष, सतेंद्र सिंह यादव जिला मीडिया प्रभारी, शिव सिंह चौरसिया जिला सचिव, रजनीश तिवारी जिला सचिव, जितेंद्र कुशवाह जिला सचिव, सोबरन सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य, डॉ लज्जाराम यादव विशेष आमंत्रित सदस्य, श्रीकृष्ण कुशवाह मेहंगाव विधानसभा अध्यक्ष, अखिलेश यादव अध्यक्ष विधानसभा भिण्ड, श्रीमती सावित्रीबाई बरैया विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा मेहंगाव को मनोनीत किया गया है।

# भाजपा नेता रमेश दुबे के नाम सोशल साइट्स पर फर्जी आईडी


भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश
डॉ. रमेश दुबे
प्रति,
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय
जिला भिण्ड (म.प्र.)
महोदय,
सोशल मीडिया पर मेरी आई.डी. किसी अपराधिक व्यक्ति ने फर्जी बना ली है। व फर्जी आई.डी. से कई लोगों से पैसे मांग रहा है। फोन न. 9627678821 पर पैसे मांग रहे है।
महोदय हमें आशंका है। कि यह व्यक्ति फर्जी (एकाउंट) से अन्य लोगों को ठग सकता है।
अतः निवेदन है। कि कृपया दण्डात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
दिनांक- 13/2/23
भवदीय
डॉ.रमेश दुबे
जिला भिण्ड

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने भिण्ड पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान को एक शिकायत पत्र सौपकर बताया कि उनके नाम से किसी ने इंस्टाग्राम की फर्जी आईडी बनाकर लोगों से मोबाइल नम्बर 9627678821 पर पैसो की मांग कर रहा है।शिकायतकर्ता डॉ रमेश दुबे ने सभी से अपील की है कि उनके फर्जी एकाउंट से अगर कोई पैसे की मांग करता है तो उसे पैसे नहीं दे और तुरंत मुझे जानकारी दे या उसकी शिकायत पुलिस को दर्ज कराए।

# अम्बाह थाना परिषर में हर्ष फायर को लेकर गार्डन संचालको की बैठक...



**केशब पंडित जी पुत्रकार अम्बाह**

अम्बाह... थाना प्रभारी बिनय यादव ने आज थाना परिसर में गार्डन संचालकों व पत्रकारो के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें हर्ष फायरिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने संबंधी दिशा निर्देश गार्डन संचालकों को दिए गए, इसके साथ शादी समारोह व बच्चो की परीक्षाओ को ध्यान में रखते हुये डीजे को रात्रि 10 बजे के बाद बंद करने के निर्देश दिए।अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया जी ने कहा कि गार्डन में हर्ष फायर की घटना नहीं हो इसके लिए आप लोगों को सतर्क रहना है, आप अपने गार्डन के भीतर किसी भी शख्स को हथियार लेकर गार्डन में प्रवेश करने नहीं देना है और अगर फिर भी कोई व्यक्ति आपकी बात नहीं मानता है तो आप पुलिस को सूचना देंगे, जिसके लिए थाने की एक टीम शादी समारोह वाले दिन तैनात रहेंगी जो आपकी सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचेगी, वहीं एसडीएम ने यह भी कहा कि अगर आपके द्वारा हथियार के साथ किसी व्यक्ति को प्रवेश दिया जाता है तो फिर आपके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगीवहीं बैठक के दौरान गार्डन संचालक ने भी अपनी एक बात जाहिर करते हुए कहा कि क्षेत्र में लोगों में बंदूक के अत्यधिक चलन होने से प्रत्येक शादी में मना करने के बाबजूद कई लोग जबरदस्ती गार्डन में हथियार लेकर अंदर जानें की जिद करते हैं, इस वजह से कई बार मौके पर झगड़े की स्तिथि भी उत्पन्न हो जाती है, इसके लिए अम्बाह थाना प्रभारी बिनय यादव ने गार्डन संचालकों द्वारा सूचना मिलने पर उनका पूर्ण सहयोग करने की बात कही है।और दूसरा रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बंद करने के निर्देश दिए हैं, इसके बावजूद अगर शादी समारोह के दौरान डीजे बजते पाया जाता है, तो डीजे संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ट्रस्ट (क्र) की आम सभा का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू** . सीरवी समाज हेब्बाल बढेर प्रागंण में रविवार को कर्नाटका महासभा की मीटिंग हुई ।सर्वप्रथम कर्नाटक सीरवी महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी कर्नाटक क्षत्रिय समाज ओक्कुटा संघ के संजोजक अध्यक्ष उदयकुमार सिंह हेबाल वडेर के अध्यक्ष पुनाराम बर्फा ने दीप प्रज्वलित कर आरती गाकर आम सभा का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि उदयकुमार सिंह ने सभा को संबोधित किया उन्होनें कहा की समाज को संगठित करने के लिए धार्मिक आयोजन होने चाहिए। ओर उन्होनें बताया की कर्नाटक में क्षत्रिय ओक्कुटा में कुल 38 जाती आती है जिसमें सीरवी समाज भी सामिल है ।उत्तर भारतीय,एक मंच पर नही आएगे तब तक इस समुदाय की शक्ति को कोई पहचान नहीं आएगा।संगठन की शक्ति से उत्तर भारतीय अपनी पहचान को सशक्त कर सकते है ।उत्तर भारतीय को एकजुट करने की मुहिम की रूपरेखा बताई। सीरवी समाज बन्धुओ द्वारा उदयकुमार सिंह का साफा द्वारा अभिनंदन किया ।इस अवसर पर क्षेत्रिय एवं प्रांतीय बडेरो से गणमान्य पदाधिकारी पधारे जिनका हर संस्था वालो ने सभा को उद्बोधन किया गया ।महासभा के अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी ने कहा की सीरवी समाज क्षत्रिय समाज की श्रेणी में आता है ।हैबाल बडेर के अध्यक्ष पुनाराम बर्फा ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।मंच संचालन कर्नाटक महासभा के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा ने किया । इस अवसर पर बेंगलुरू व प्रांतीय बड़ेरो के पदाधिकारी मय कार्यकरणी के सदस्य एंव कर्नाटक महासभा के कोषाध्यक्ष बाबूलाल परिहार कर्नाटक महासभा के मीडिया प्रभारी कैलाश बर्फा मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में महासभा के पूर्व सहसचिव स्व .वेनाराम को 2 मिनट की उपस्थित सभी सदस्यो ने मोन श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

## सम्पादकीय

# पेंशन की फांस

पिछले दिनों गैर-भाजपा शासित राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करके जो राजनीतिक ब्रह्मास्त्र चलाया है, उससे केंद्र की भाजपा सरकार सांसत में है। आर्थिक सुधारों व वित्तीय संतुलन की कवायद के बीच पुरानी पेंशन के देशव्यापी बोझ से अर्थव्यवस्था के दबाव में आने की आशंका जाने-माने अर्थशास्त्री जता रहे हैं। पिछले दिनों हिमाचल के चुनाव में ओल्ड पेंशन बड़ा सियासी मुद्दा बना, भाजपा ने उसकी कीमत भी चुकाई। बताते हैं कि पेंशन योजना लागू होने से राज्य पर नई पेंशन के मुकाबले चार गुना वित्तीय बोझ बढ़ेगा। ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। पिछले दिनों कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व पंजाब सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू की है। दरअसल, 18 साल पहले पुरानी पेंशन योजना को बदलकर नई पेंशन योजना को लागू किया गया। पुरानी पेंशन का निर्धारण मूल वेतन और महंगाई भत्ते के आधार पर होता था। जबकि नई पेंशन योजना हेतु कर्मचारी के वेतन से काटे गये अंश से ही पेंशन दी जाती है। उसकी कोई न्यूनतम सीमा नहीं होती है और सेवा अवधि कम होने पर यह थोड़ी रह जाती है। कर्मियों के वेतन से कटे पैसे का पचासी फीसदी सरकारी प्रतिभूतियों तथा बाकी पंद्रह फीसदी खुले बाजार में निवेश किया जाता है, जिसकी आय से कर्मियों को पेंशन का भुगतान होता है। निस्संदेह, जीवन भर नौकरी के जरिये सेवा करने वाले व्यक्ति को बुढ़ापे के लिये आर्थिक संरक्षण जरूरी है। ये लोककल्याणकारी सरकारों का दायित्व भी होता है। लेकिन लोककल्याण का मतलब ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि देश की हालत श्रीलंका व पाकिस्तान जैसी हो जाए। इस योजना से कर्मचारियों में उत्साह है और अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठन इसे लागू करवाने के लिये दबाव बना रहे हैं। चिंता जताई जा रही है कि कहीं ये मुद्दा अगले आम चुनाव में भाजपा के लिये मुश्किलें पैदा न कर दे वहीं दूसरी ओर देश के कई जाने-माने अर्थशास्त्री और योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है। कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान योजना आयोग के डिप्टी चेयरमैन रहे अहलूवालिया नब्बे के दशक के बाद के तीन दशकों में देश के आर्थिक सुधार कार्यक्रमों से गहरे तक जुड़े रहे हैं। वे लुभावनी राजनीति करने वाले नेताओं को चेता चुके हैं कि एक अर्थशास्त्री के नाते मैं कहूंगा वे ऐसे कदम उठाने से बचें जो भविष्य में वित्तीय तबाही के कारक बन सकते हैं। दरअसल, अर्थशास्त्री मानते हैं कि देश की जनता को जागरूक करने की जरूरत है कि इस फैसले की भविष्य में हमें कीमत चुकानी पड़ेगी और विकास के हिस्से का धन गैर-उत्पादक कार्यों में खर्च होगा। कर्मचारियों को तो इसका लाभ होगा, लेकिन देश का बड़ा तबका उसकी कीमत चुकाएगा। केंद्र सरकार पर इसको लागू करने के दबाव होगा, लेकिन साथ ही इसके दूसरे पक्ष को भी लोगों को समझना चाहिए। आर्थिक पंडितों का मानना है कि राजनीतिक तौर पर लिये गये गैरजिम्मेदार फैसले की कीमत आगे आने वाली पीढ़ी को चुकानी पड़ सकती है। सर्वविदित है कि पेंशन का मामला राज्य सरकारों के अधीन होता है। राज्यों को इसी तरह उसके कार्यक्षेत्र में आने वाले कानून-व्यवस्था तथा बिजली आपूर्ति में सुधार के जरिये लोगों के जीवन में राहत लाने का प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर इस बड़े मुद्दे पर अखबारों व अन्य मीडिया के जरिये देश के व्यापक आर्थिक हितों को लेकर रचनात्मक बहस होनी चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि देश व राज्य के दीर्घकालिक भविष्य के लिये क्या जरूरी है। ऐसा न हो कि हमने पिछले दशकों में आर्थिक सुधारों से जो कामयाबी हासिल की है, उसकी दिशा उलटी हो जाये।

# गैस पाइपलाइन: अमेरिका-रूस में ठनी

आदित्य नारायण

अमेरिका के बारे में अक्सर कहा जाता है कि वह जिसका भी दोस्त हो उसे दुश्मन की जरूरत नहीं पड़ती। दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति होने का दावा करने वाला अमेरिका हमेशा अपने हितों को प्राथमिकता देता है और वक्त आने पर वह मित्र देशों की पीठ में छुरा घोंपने से भी परहेज नहीं करता। खुद को विश्व शांति मसीहा बताने वाले अमेरिका ने शांति का राग अलाप-अलाप कर हमेशा विध्वंस का खेल खेला है। उसने अफगानिस्तान, ईराक, लीबिया और कई देशों में जो विध्वंस किया उसके बाद आज तक इन देशों में अशांति ही रही है। अमेरिका यूरोपीय देशों को अपना मित्र करार देता है। लेकिन उसने यूरोप की ही सांसें बंद करने की कोशिश की। यूरोप के अधिकतर देश रूस से नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन के जरिये आने वाली गैस पर निर्भर हैं। इसी गैस से यूरोपीय देश चलाएमान रहते हैं। लेकिन अमेरिका ने यूरोपीय देशों को ठप करने की साजिश रची। अमेरिकी पत्रकार सीमोर हर्ष की सनसनीखेज रिपोर्ट ने पूरी दुनिया में हंगामा खड़ा कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि बाल्टिक सागर में नॉर्ड स्ट्रीम अंडरवाटर गैस पाइपलाइन को 26 सितम्बर 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के इशारे पर गुप्त तरीके से उड़ाया गया था। पाइपलाइनों पर हुई बमबारी एक गुप्त ऑपरेशन के तहत नारवे से सीआईए की ओर से की गई थी। तब गहरे समुद्र में अमेरिकी गोताखोरों ने उन पाइपलाइनों के आसपास बारूदी सुरंग बिछाकर धमाका किया था। हालांकि उस समय रूस पर आरोप लगाया गया था कि यह धमाके उसी का किया कराया है। सीमोर हर्ष की इस एक्सक्लूसिव रिपोर्ट से रूस के तेवर तीखे हो गए हैं और उसने इस रिपोर्ट की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने की मांग करते हुए अमेरिका के इस तरह के आतंकी कृत्य से प्रभावित देशों को मुआवजा दिए जाने की आवाज बुलंद की है। यद्यपि अमेरिका गैस पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने की रिपोर्ट को झूठा करार दे रहा है लेकिन रिपोर्ट के तथ्य सीधा इशारा उसकी तरफ ही कर रहे हैं। रिपोर्ट सामने आने के बाद अमेरिका और रूस में तनाव बढ़ गया है। इस तनाव का रूस-यूक्रेन युद्ध पर कितना असर पड़ेगा यह भविष्य ही बताएगा। जहां तक सीमोर हर्ष की पत्रकारिता का सवाल है वो पहले भी अपनी रिपोर्ट से दुनिया में खलबली मचा चुके हैं। 1969 में वियतनाम में अमेरिकी नरसंहार का मामला हो या ईराक की अबुग्रेव जेल में कैदियों पर अमानवीय अत्याचारों की दास्तान हो। सीमोर हर्ष हमेशा सही साबित हुए हैं। अब सवाल यह है कि अमेरिका ने गैस पाइपलाइन को तबाह करने की कोशिश क्यों की। नॉर्ड स्ट्रीम-1 का काम 2011 में पूरा हुआ था जो लेनिन ग्राद (रूस) में वायबोर्ग से जर्मनी के लुबमिन तक पहुंचती है। इस पाइपलाइन के जरिये जर्मनी और अन्य देशों को सस्ती गैस मिलती है। यूरोपीय देशों में घरेलू गैस उत्पादन में कमी के कारण वे गैस आयात पर निर्भर हैं और उनके लिए निर्भरता कम करना बहुत मुश्किल है। इसलिए वे गैस आपूर्ति के लिए रूस पर निर्भर हैं। इसी तरह नॉर्ड स्ट्रीम-1 के समानांतर बिछाई गई नॉर्ड स्ट्रीम-2 तैयार की गई। लेकिन अभी इससे गैस आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। अमेरिका किसी भी कीमत पर नहीं चाहता कि यूरोप गैस सप्लाई के लिए रूस पर निर्भर हो। इसलिए उसने इस बात का ढिंढोरा पीटा कि यह पाइपलाइन नाटो देशों के लिए खतरा है और इससे जलवायु को काफी खतरा है। जबकि असली कारण यह है कि रूस द्वारा जर्मनी और नाटो देशों में गैस की आपूर्ति शुरू होने से अमेरिका को अपना बड़ा बाजार खोने का डर सताने लगा था। अमेरिका यूरोप में तेल की बिक्री बढ़ाना चाहता है। अमेरिका की शह पर ही बिना मंजूरी नॉर्ड स्ट्रीम-2 के निर्माण पर रूसी कंपनी गज प्रेम पर मोटा जुर्माना लगाकर राजनीतिक युद्ध छेड़ दिया था। नाटो देश जर्मनी पर इस बात के लिए दबाव डाल रहे थे कि वह पाइपलाइन योजना से अलग हो जाए। अमेरिका ने एक के बाद एक रूस पर प्रतिबंध लगाए लेकिन रूस ने कोई परवाह नहीं की। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते इस बात की आशंकाएं पैदा हो गईं थी कि अगर रूस ने गैस सप्लाई लाइन बंद कर दी तो यूरोप के देशों में हाहाकार मच जाएगा। जर्मनी ने अमेरिका को साफ कर दिया था कि पाइपलाइन का मुद्दा विशुद्ध रूप से आर्थिक है। रूस भी अपने कुल बजट का लगभग 40 फीसदी हिस्सा तेल और गैस की बिक्री से प्राप्त करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले भी अमेरिका इस पाइपलाइन को लेकर रूस को धमकाता रहा है। अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाइपलाइन को उड़ाकर मित्र देशों के लिए संकट पैदा करने की कोशिश की। अमेरिका की पोल खुल चुकी है। पाइपलाइन शक्ति संघर्ष का प्रतीक बन गई है। फिलहाल रूस और अमेरिका तनाव चरम पर पहुंच गया है और रूस इस पर क्या कदम उठाता है यह देखना बाकी है।



# राष्ट्र गौरव प्राथम्य

संजीव ठाकुर

पराधीन सपने हूं सुख नाहीष्यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी ष्दैव दैव आलसीष् पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता - राम सहायक उनके होते, जो होते हैं, आप सहायक,हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।

# जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था सावरीकला के द्वारा किया गया विकास यात्रा का स्वागत

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास यात्राओं में सक्रिय सहभागिता कर रहा है। जहां एक तरफ यात्रा के प्रचार प्रसार हेतु दीवार लेखन, ग्रह संपर्क एवं व्यक्ति शह सूचना देने का कार्य हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ यात्रा के दौरान ग्राम में ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, महापुरुषों की प्रतिमाओं, धार्मिक स्थलों आदि में स्वच्छता की गतिविधियों का संचालन कर रहा है एवं समाज को संदेश दे रहा है। जिससे इन स्थलों के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी होना चाहिए साथ ही यात्रा के दौरान ग्रामों में जल संरक्षण का संदेश देने हेतु स्थानीय नदी नालों पर श्रमदान से बोरी बंधान कर जल को रोकने एवं उसके सदुपयोग का संदेश परिषद के स्वयंसेवकों द्वारा दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान इस यात्रा की स्मृति स्वरूप ग्रामों में वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां परिषद के माध्यम से की जाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। परिषद के जिला समन्वयक एवं यात्रा के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि परिषद द्वारा निर्धारित किया गया है कि अगर ग्राम में कोई पात्र व्यक्ति किन्ही कारणों से शासकीय योजना का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो ऐसे लोगों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ दिलाने में सहयोग करने का कार्य भी जन अभियान परिषद के स्वयंसेवक करेंगे। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला बालाघाट विकासखंड लांजी के सेक्टर क्रमांक 4 नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरीकला के अध्यक्ष मुनेश पटले, सचिव रविप्रकाश गौतम के द्वारा ग्राम सावरीकला और उमरी में विकास यात्रा में सहयोग प्रदान किया गया एवं भव्य स्वागत सत्कार किया गया।



# चारगड़ यादव समाज के 5 वर्ष के लिए संपादक पद पर केनूराम यादव व हलधर यादव को किया गया चयन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद** रविवार को चारगढ केन्द्रीय मुख्यालय ग्राम पंचायत चिचिया( दासोपारा) देवभोग मे गरियाबंद जिलाध्यक्ष रिखी राम यादव नुआपाडा जिलाध्यक्ष भरत राऊत कालाहान्डी जिलाध्यक्ष नुरपो राज यादव और नवरंगपुर जिलाध्यक्ष ज्योतिरंजन कंस के चारो जिले के जिलाध्यक्ष एव ब्लाक अध्यक्षो की सर्व समहति से चारगढ के अध्यक्ष के पद पर केनुराम यादव। हलधर यादव को चारगढ संम्पादक पद पर अगले पांच वर्ष के मनोनयन किया गया है जिससे सभी समाज के लोगो मे खुशी की लहर है आगे चारो जिला से 10-10 अन्य कार्यकारणी समिति सदस्य का भी चयन किया गया है जिसमे मंगधा यादव समाज प्रमुख छुरा कार्तिक राम यादव। मंगधा यादव समाज जिला सह सचिव एव युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव वैद्य राज संघ जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव जी भी शामिल हुए जिसमे सभी नए पदाधिकारीयो को नियुक्त पत्र देकर शपथ ग्रहण करवाया गया जिसमे चारगढ अध्यक्ष केनुराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा की समाज की उत्थान विकास के लिए हर हमेशा लोगो के प्रति समाज के लिए काम करूगा और समाज को जितना हो सके आगे लेकर जाने की बात कही हलधर यादव संम्पादक ने संबोधित करते हुए कहा की हम सभी समाज एक जुट होकर संगठन को मजबूत करने की बात कही जिला सह सचिव यशवंत कुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा की आज हमारे समाज के सभी वरिष्ठ प्रमुख युवा लडका लडकी सभी को आगे आकर समाज को एक ऊंचाई तक लेकर जाना है संगठन को मजबूत करना है और समाज को आगे लेने के लिए शिक्षित होना जरुरी है सभी लोग पढेंगे तभी गढ़ने की बात कही समाज के लोगो को संगठन मे जोडना है और समाज को आगे लेना है और शपथ ग्रहण समारोह मे चारगढ और जिला एव क्षेत्रवासीयो ने उपस्थित होकर नए पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाए

# बिसोनी में लाखों रुपए के कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरसवार एवं विधायक सुश्री कावरे ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

## सभी वर्गों के विकास के लिए सदैव प्रयासरत : हिना कावरे



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

**लांजी**- ग्राम पंचायत बिसोनी में विकास यात्रा के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुश्री हिना कावरे के मुख्यातिथ्य में एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार की अध्यक्षता में तथा राजा लिल्हारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष के विशिष्ठ आतिथ्य में विभिन्न कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक सुश्री हिना कावरे ने कहा कि जब मैं पहली बार चुनाव लड़ रही थी तब मैंने तो कोई कार्य नहीं किया था कहीं भी नारियल नहीं फोड़ा था। लेकिन एक विश्वास हमारे लांजी विधानसभा के लोगों को था जैसा अभी वारे जी ने बताया कि लिखीराम कावरे जी जिस प्रकार से कार्य करते थे। आज मैं विधायक बनी हूं यह वही विश्वास था लांजी किरनापुर क्षेत्र के लोगों को कि हिना कावरे जिस दिन चुनकर आएगी उस दिन वह अपने पिता के पद चिन्हों पर चलेगी वैसे ही विकास कार्य करेगी। शायद इसी विश्वास की वजह से लांजी के लोगों ने मुझे शानदार वोटों से मुझे जिताया। बात विश्वास की है काम तो होते हैं पहले भी होते थे अभी भी हो रहे हैं आगे भी होंगे विकास की गति रुकने वाली नहीं है। जिस दिन से विधायक बनी हूं उस दिन से प्रयास कर रही हूं कि जिस विश्वास के साथ इस क्षेत्र के लोगों ने मुझे विधायक बनाया मैं वह काम करूं और मुझे क्या पता था कि काम करते-करते अमेरिका जाने का मौका मिल जाएगा। चाहे जितनी भी तारीफ कर लो पर सच्चाई तो यही है कि लोग अगर मुझे विधायक नहीं बनाते तो कोई अवसर मुझे नहीं मिलने वाला था। यह सब आप लोगों की देन है और हम चाहते हैं कि ये विश्वास हमेशा बना रहे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार ने संबोधित करते हुए कहा कि लांजी क्षेत्र के विकास के लिए जिला पंचायत के माध्यम से हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने भी संबोधित किया।

**इन कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**-पंडित हुकेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा कार्यक्रम के अतिथियों के हस्ते विधि विधान पूर्वक पूजन कराकर कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें बिसोनी में स्थित बड़ा जलाशय के पास 15वें वित्त योजना एवं मनरेगा योजना से फीश यार्ड निर्माण कार्य लागत 2.77 लाख रूपये तथा बिसोनी के आवासटोला मण्डलटोला में 5 वां राज्य वित्त योजना के तहत शिलान्यास 100 केवीए नवीन ट्रांसफार्मर कार्य लागत 3.18696 लाख रू के कार्यों का लोकार्पण तथा बिसोनी के मण्डलटोला मार्ग खराड़ी जलाशय केनाल पर नवीन पुलिया निर्माण कार्य लागत 12.08 लाख रूपये 14 वां वित्त योजना से तथा दादाभाई पेट्रोल पंप से बिसोनी बस्ती पटेल किराना दुकान तक सिमेंट कांक्रीट सडक निर्माण कार्य लागत- 14.81 लाख रूपये 15 वां वित्त योजना से शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, मुकेश जोशी, ओंकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ऋषि दशरिया अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला, टुमनलाल घोरमारे सभापति कृषि समिती जनपद पंचायत लांजी, प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी लांजी, मनीषा धारणे जी अध्यक्ष ब्लॉक महिला कांग्रेस लांजी, सौरभ मोनू पशीने विधानसभा अध्यक्ष श्रीमति कृष्णकली राजेश बड़घैया पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बिसोनी, ममता प्रवीण दुबे, प्रीति प्रमोद अग्रवाल, अफसाना सिद्दीक अंसारी, रेवाजी कराटकरे, किशनलाल मेहरबान, दिलदार खान, वर्षा विजय वारे सरपंच, पवन कश्यप उपसरपंच ग्राम पंचायत बिसोनी सहित भारी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, ग्रामीणजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# समूह की दीदीयों के द्वारा कलश यात्रा के साथ किया जा रहा विकास यात्रा का स्वागत

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

**लांजी**- लांजी विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा प्रारंभ है जो 13 फरवरी को लांजी के समीपस्थ बडी पंचायतों मे से एक ग्राम पंचायत बिसोनी से विकास यात्रा प्रारंभ हुई जो कि बिसोनी से दुलापुर, रमपुरा, कटंगी, पालडोंगरी एवं सहेकी में संपन्न हुई। ग्राम पंचायत बिसोनी में विकास यात्रा का स्वागत वंदन समूह की दीदीयों के द्वारा कलश यात्रा के साथ किया गया, साथ ही शिक्षक कैलाश वैद्य के द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम मॉ सरस्वती एवं मॉ भारती के छायाचित्रों के समक्ष पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया गया तदोंपरांत विकास यात्रा का नेतृत्व कर रहे रमेश भटेरे के द्वारा ग्राम पंचायत बिसोनी मे निर्मित होने वाले निर्माण कार्यो का एवं निर्मित हो चुके कार्यो का लोकार्पण किया गया तत्पश्चात मंचासीन कार्यक्रम की शुरूवात की गई।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा विकास यात्रा के इस दौर मे उक्त सभी पंचायतों संबोधित करते हुये कहा की यह विकास यात्रा अब विकास महोत्सव का रूप ले चुकी है, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ का लाभ ग्राम के सैकडों लोगो को मिल रहा है, महिला पुरूष, किसान बच्चे, छात्र छात्राऐं सभी के लिये योजनाऐं भाजपा सरकार ने बनाई है। आपने उक्त सभी ग्रामों में लाभान्वित हितग्राहियो को प्रमाण पत्र भी वितरित किये, जो कि शासन की योजनाओ का सीधा लाभ इन हितग्राहियों को मिल रहा है। हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौंहान के द्वारा लाडली बहना योजना महिलाओ के लिये लाई गई जो कि रक्षाबंधन से सभी विवाहित महिलाओ के खाते ते 1 हजार रूपये प्रतिमाह के प्रदान किये जायेंगे। इसके अलावा किसान भाईयो को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा प्रदान किया जा रहा है संबल योजना में लाखो रूपये का आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है, छात्र छात्राओ को उच्चस्तरीय अध्ययन के लिये कभी आर्थिक समस्या से नही जुझना पडेगा मध्य प्रदेश सरकार उस छात्र छात्रा की पढ़ाई पूर्ण करायेगी। अंत में लाभान्वितो को प्रमाण विभिन्न योजना के प्रदान किये गये।



**ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**- इस अवसर पर दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य, रेखा ताराचंद कालबेले नगर परिषद अध्यक्ष, संदीप रामटेककर उपाध्यक्ष नगर परिषद लांजी, विजय खेरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य , आलोक चौरसिया मंडल अध्यक्ष लांजी, शिव दशहरे मंडल अध्यक्ष भाडरा, श्रीमती ज्योति ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी, सतीश चौधरी तहसीलदार लांजी, रणजीत सिंह ताराम सीईओ जनपद पंचायत लांजी, श्रीमती वर्षा विजयवारे सरपंच बिसोनी, पवन कश्यप उपसरपंच बिसोनी, सोहन उपराड़े, विजय मस्करे, रामकृष्ण करहि, बारेलाल बडगैया, नूतेंद्र रहमतकर, महेंद्र उमरे, दिनेश कछवाहे, विजय गोस्वामी, ताराचंद कालबेले, देवेश येड़े, बबलू खानोरकर, अशोक बापुर, विनय कुशले सरपंच रमपुरा, टेकराम घोरमारे उपसरपंच रमपुरा, गोविंद उमरे, बेनीराम मुरकुटे, ओमकार कुशले, मोहन पिछोड़े, चमरू बैलगैया,ललित देवगड़े महेंद्र बोरकर सरपंच कटंगी, संतोष बडगैया, फत्तू लाल बंबूरे,निरंजन देवगड़े,श्रीराम नारनौरे, गणेश नारनौरे सरपंच पालडोंगरी, संतोषी प्रवीण उमरे पूर्व सरपंच पालडोंगरी, ग्रीष्मा नारनौरे, प्रवीण उमरे, श्रीमती विमला घोरमारे सरपंच सहेकी, दामोदर बल्लारखेडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या पर लोकसभा में बरसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव

## साव ने संसद में उठाया छत्तीसगढ़ में टारगेट किलिंग का मुद्दा

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा राज्य को निर्देश दे केंद्र सरकार**

**छत्तीसगढ़ महतारी के सपूतों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे :अरुण साव**

**मैं लोकतंत्र के मंदिर में बड़े दुख के साथ बोल रहा हूं- लोकसभा में टारगेट किलिंग का मुद्दा उठाते हुए बोले अरुण साव**

**रायपुर।** अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव छत्तीसगढ़ में पिछले 30 दिनों में 4 भाजपा पदाधिकारियों की निर्मम हत्या पर कांग्रेस के खिलाफ लोकसभा में जमकर बरसे। श्री साव ने कहा कि भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग हो रही है। भारत सरकार छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को लोगों की सुरक्षा के लिए निर्देशित करे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की भी मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने लोकसभा में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में, मैं बड़े दुख के साथ कह रहा हूं कि पिछले एक माह में भारतीय जनता पार्टी के चार प्रमुख पदाधिकारियों की निर्मम हत्या हुई है।बुधराम करटाम, नीलकंठ कक्केम,सागर साहू, रामधन अलामी इन चार प्रमुख पदाधिकारियों को लक्ष्य करके टारगेट किलिंग एक माह में हुई है। यह राजनीतिक षड्यंत्र है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ यह राजनीतिक षड्यंत्र है।राज्य की कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। हमारे लोगों से सुरक्षा वापस ली गई है। छत्तीसगढ़ को रक्तरंजित करने का प्रयास हो रहा है। छत्तीसगढ़ महतारी के 4 सपूतों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे। मैं सदन के माध्यम से निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं और भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि राज्य सरकार को निर्देशित करे कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन की रक्षा करें। लोकतंत्र की हत्या बंद हो।



# रमेश भटेरे के नेतृत्व में विकास यात्रा पंहुची बिसोनी, सहेकी, दुल्हापुर, पालडोगरी, रमपुरा, कटंगी

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

5 फरवरी से मध्यप्रदेश सरकार की विकास गाथा विकास यात्रा के रूप में विकासखण्ड लांजी के गांव गांव तक पंहुच रही है। इस विकास यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया जा रहा है जो कि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ विकास यात्रा लेकर चल रहे है साथ ही जनता से मिलकर उन्हे सरकार की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की जानकारी दे रहे। इसी क्रम में 13 फरवरी को विकास यात्रा लांजी अनुभाग के ग्राम पंचायत बिसोनी, सहेकी, दुल्हापुर, पालडोगरी, रमपुरा, कटंगी पहुंची। इस यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने लाभान्वित हितग्राहियो को प्रमाण पत्र वितरित किए।ग्राम पंचायत बिसोनी विभिन्न योजनाओं से आठ करोड़ छियानवे लाख अडतालीस हजार सात सौ छियानवे रुपए का मिला है लाभमध्यप्रदेश की शिवराज सरकार प्रदेश में विकास यात्रा प्रारम्भ की है और विकास यात्रा लगातार जारी है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लांजी में विकास यात्रा पुर्व विधायक एवं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारीयों और कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत बिसोनी पंहुची जंहा भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा केन्द्र की भाजपा शासित मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा ग्राम बिसोनी को दी गई सौगातें एवं अनेकों योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी प्रदान की। योजना का नाम एवं लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या बताते हुए रमेश भटेरे ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 377 किसान साथी, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 372 हितग्राही, मनरेगा ( माह जनवरी 2023 में स्त्रजित मानव दिवस पर 1399 मजदूरी औसत व्यय राशि 204 रुपए प्रतिदिन, प्रधानमंत्री आवास योजना में 196 मकान स्विकृत हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में 11 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना में 23 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना में 83 हितग्राही लाभान्वित, 6 वर्ष से अधिक आयु के बहुविकलांग , यौद्रिक दिव्यांग के लिये आर्थिक सहायता योजना में 10 हितग्राही लाभान्वित, राष्टीय परिवार सहायता में 23 हितग्राही लाभान्वित, लाडली लक्ष्मी योजना 437 लाड़ली लक्ष्मी पंजिकृत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत 232 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में 1 हितग्राही लाभान्वित तथा अनुग्रह सहायता में 14 हितग्राही एवं अन्त्योष्टि सहायता में 37 परिवारों को कुल स्वीकृत एवं आबंटित राशि आठ करोड छियानबे लाख अडतालीस हजार सात सौ छियानबे रू ग्राम पंचायत बिसोनी और वहां की जनता को प्रदान किया है।



दुल्हापुर को नौ करोड सन्तानबे लाख उन्तीस हजार छ सौ रूपये एवं चिचटोला को पाँच **करोड चार लाख आठ् हजार चार सौ आठ रूपए का लाभ**-जनपद पंचायत लांजी में विकास यात्रा पुर्व विधायक एवं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारीयों और कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत दुलापुर पंहुची जंहा भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा केन्द्र की भाजपा शासित मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा ग्राम दुलापुर को दी गई सौगातें एवं अनेकों योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी प्रदान की। योजना का नाम एवं लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या बताते हुए रमेश भटेरे ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 1189 किसान साथी, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 759 हितग्राही, मनरेगा ( माह जनवरी 2023 में स्त्रजित मानव दिवस पर 1450 मजदूरी औसत व्यय राशि 204 रुपए प्रतिदिन, प्रधानमंत्री आवास योजना में 363 मकान स्विकृत हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना मे 7 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना में 11 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना में 36 हितग्राही लाभान्वित, 6 वर्ष से अधिक आयु के बहुविकलांग , यौद्रिक दिव्यांग के लिये आर्थिक सहायता योजना में 11 हितग्राही लाभान्वित, निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 11 हितग्राही लाभान्वित, लाडली लक्ष्मी योजना में 278 लाड़ली लक्ष्मी पंजिकृत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत 227 हितग्राही लाभान्वित तथा अनुग्रह सहायता में 5 हितग्राही एवं अन्त्योष्टि सहायता में 44 परिवारों को कुल स्वीकृत एवं आबंटित राशि नौ करोड सन्तानबे लाख उन्तीस हजार छ सौ रूपये ग्राम पंचायत दुलापुर और वहां की जनता को प्रदान किया है। इसी कड़ी में ग्राम चिचटोला में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 71 किसान साथी, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 66 हितग्राही, मनरेगा ( माह जनवरी 2023 में स्त्रजित मानव दिवस पर 352 मजदूरी औसत व्यय राशि 204 रुपए प्रतिदिन, प्रधानमंत्री आवास योजना में 20 मकान स्विकृत हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं से ग्राम चिचटोला को पाँच करोड चार लाख आठ हजार चार सौ आठ रू ग्राम और वहां की जनता को प्रदान किया है।

# धवलपुर क्षेत्र के अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज सर्कल घटौद का एक दिवसीय बैठक सुभाषनगर ( चिन्दाभाठा ) में हुई संपन्न



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज सर्कल घटौद का एकदिवसीय बैठक सुभाष नगर मे रखा गया , जिसमें वार्षिक लेखा जोखा हिसाब किताब किया गया व सामाजिक उत्थान के ऊपर चर्चा किया गया , खासकर उपस्थित सयानो द्वारा समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य,व रोजगार के ऊपर जोर दिया गया , समाजिक नियमावली पुस्तक चतुर्थ संस्करण का वाचन किया गया व समाजिक नेंग पर चर्चा किया गया हमारी संस्कृति को बनाए रखने चर्चा किया गया,व हमारे समाज को एक सुत्र मे बंधकर काम करने की बात कही गई । बैठक मे सभापति श्री पवनसिंह नेताम, उपसभापति श्री राजकुमार नेताम, अध्यक्ष श्री बलीराम नागेश, संरक्षक श्री रामसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष श्री कृत कपिल, उपाध्यक्ष श्री लेखन सिंह नेताम, महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष श्रीमती ममता बाई मरकाम, हीराबाई नेताम ,अमीलाबाई नेताम,सुखबती बाई सोरी , भुनेश्वरी नेताम ,सुमेती बाई कपिल, पार्वती बाई नेताम नेताम,भोजबाई नागेश श्री बुधराम नेताम सलाहकार भाठीगढ़ राज,श्री भुखनसिह नेताम अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ भाठीगढ़राज व घटौद,चिन्दाभाटा ,कामेपुर, जंगल धवलपुर, धवलपुर डीह से अमात गोड़ समाज के लोग बढ़ चढ़ के भाग लिए कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर कपिल सचिव भाठीगढ़ राज द्वारा किया गया। व सचिव सर्कल घटौद श्री मंशा राम नेताम व सह सचिव श्री चेतन सिंह नेताम द्वारा आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया गया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष सद्दाम खान ने कार्यकारिणी घोषित की



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी की अनुमति व भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष पाण्डेय, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष कृष्णा राज,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इंतखाब बेग कि अनुंशसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल दीनदयाल नगर अध्यक्ष सद्दाम खान ने अपने मण्डल की कार्यकारिणी कि घोषणा की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष सद्दाम खान, नगर उपाध्यक्ष तमशील शाह, आरिफ खान, नगर महामंत्री फीरोज शेख, सैफ खान, नगर मंत्री वशीम अकरम, शहजाद कुरैशी, कार्यालय मंत्री आरिफ मिर्जा, नगर कोषाध्यक्ष अब्दुल शहीद, मीडिया प्रभारी शरीफ सिद्दीकी, सहमीडिया प्रभारी निजाम खान, सदस्य आसिफ खान, साजिद खान, शकूर खान, लतीफ कुरैशी, गुलाम रसूल, जावेद खान, सुहेल खान, शाहरूख खान, शहवाज खान, जावेद खान को नियुक्त किया गया

## चन्नू पेंटर तमशील बने अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी के निर्देशन एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत बारसी की अनुशंसा पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे ,भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रीतम सिंह ,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इंतखाब बेग कि सहमति व अल्पसंख्यक मोर्चा दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष सद्दाम खान ने अपने मंडल कि कार्यकारणी घोषित की जिसमें चन्नू पेंटर तमशील को अल्पसंख्यक मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष बनाया गया।इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों एवं मित्रों ने बधाई प्रेषित की।

# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 15 एवं 16 फरवरी को शिवपुरी में



**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी,** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 15 एवं 16 फरवरी को दो दिवसीय शिवपुरी प्रवास पर रहेंगी एवं विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी अंतर्गत आयोजित होने वाली विकास यात्रा में शामिल होंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 14 फरवरी की शाम शिवपुरी पहुंचेंगी। 15 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे से विधानसभा शिवपुरी में विकास यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगी। अगले दिन 16 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे से विधानसभा शिवपुरी में विकास यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगी। दोपहर 2 बजे शिवपुरी से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# गोहरापदर के केनुराम यादव बने चारगढ़ यादव समाज के अध्यक्ष

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर गोहरापदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरनीधोड़ा के केनुराम यादव चारगढ़ यादव समाज के अध्यक्ष नियुक्त हुए.उनके समाज प्रमुख बनने से समाज के लोगों में और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है.चारगढ़ यादव समाज में चार जिले गरियाबंद,कालाहांडी,नवरंगपुर,नुआपाड़ा शामिल हैं.केनुराम यादव को पूर्व कार्यकाल में भी चारगढ़ यादव समाज प्रमुख की ज़िम्मेदारी दी गई थी और उनके कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें



पुनः यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है.वही वे अभी भाजपा संगठन से भी जुड़े है उनके पास भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी है.संगठन से भी क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी एवं मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने उनके निवास में मिलकर शॉल,श्रीफल से सम्मानित किया साथ ही सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाये दीं.चार गढ़ यादव समाज के अध्यक्ष बनाए जाने पर केनुराम यादव ने कहा की वे पूर्व की तरह अपने दायित्व का पूरी क्षमता के साथ निर्वहन करेंगे एवं समाज को एकजुट करते हुए मजबूती देने का प्रयास करेंगे. उन्होंने चारगढ़ यादव समाज के सभी सामाजिक बंधुओ को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# प्यार के नाम पर प्राचीन धरोहरों को बर्बाद कर रहे हैं मनचले

## रानी दमयंती कि नगरी में अस्तित्व खोती प्राचीन धरोहर

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** रानी दमयंती कि नगरी दमोह में पुरातत्व अवशेष का भंडार है, यहाँ ऐसे अनेक स्थान हैं जहाँ यह अवशेष बिखरे प? हैं लेकिन उन्हें संरक्षित करने के प्रयास नहीं किये जा रहे यही नहीं जिले का एक मात्र पुरातत्व संग्रहालय आज प्रेमी प्रेमिकाओ को एक दूसरे को प्यार का सन्देश देने का माध्यम बना हुआ हैं यहाँ के मनचलों के द्वारा इन धरोहरों को प्यार के नाम पर बर्बाद करने का सिलसिला लगातार जारी हैं और यह युवा वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार प्रेमी का नाम दीवाल पर लिखकर उन्हें प्रपोज करते देखा जा सकता हैं ,जबकि किले के ठीक सामने थाना कोतवाली, गर्ल्स छात्रावास, स्कूल और भाजपा कार्यालय भी है,तब भी यह मनचले बेखौफ होकर इन दीवालों पर अपने प्रेमी का नाम लिखने से नहीं डरते हैं तो वही रात्रि के समय यहाँ पर शराबियों अड्डा बन जाता है किले के बाजू से बने तहसील ग्राउंड पर शराब कि टूटी बोतले भी देखी जा सकती है। यह किला



शहर के प्रमुख चौराहा पर होने के कारण शहर कि सुन्दरता को चार चाँद लगाता है, लेकिन यहाँ के जनप्रतिनिधियों ने किले के नाम पर सिर्फ पैसा लाया है उसकी सुंदरता के लिए खर्च नहीं किया है जिससे यह किला देख रेख के अभाव में जर्जर और बेदाग लगने लगा है और दुर्दशा का शिकार हो गया हैं जबकि यहाँ केंद्र के मंत्री का पर्यटन विभाग भी रह चुका है उसके बाद भी इसकी स्थिति जस कि तस बनी हुई है इस किले का जीर्णोद्धार तो कराया गया लेकिन जितना विकास होना था वह नहीं हुआ जिससे संग्रहालय के अंदर कचरा रुपी झाड़ियां ब?ी ब?ी होकर किले को चारों तरफ से घेर चुकी हैं व किले कि डेंटिंग पेंटिंग ना होने के कारण यह किला अपनी बदकिस्मती पर आंसू रो रहा है जबकि हर साल इसके सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं।इस संबंध में जब हमने शहर के युवाओं से चर्चा की तो उनका कहना था शहर का प्रमुख चौराहा होने के कारण अगर इस किले पर लाइटिंग की व्यवस्था और खूबसूरत पेड़ पौधों को लगाया तो निश्चित तौर पर यह किला एक बेहद खूबसूरत और सुंदर दिखाई देने वाला दृश्य बनाता।

# विरागोदय तीर्थ में भव्य दीक्षाएँ गणाचार्य विराग सागर जी के कर कमलों से सम्पन्न

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



दमोह /पथरिया।जैन धर्म के विशाल एवं भव्य आयोजन में सोमवार का दिन स्वर्णिम इतिहास में लिखा गया। गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी के करकमलों से श्रमण मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी के लिए आचार्य पद प्रदान किया गया।साथ पूज्य गुरुदेव श्री108 विराग सागर जी के संघस्थ मुनि श्री विहित सागर जी के स्थविर पद प्रदान किया गया एवं मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी के लिए गणधर के पद के संस्कार हुए इसी क्रम में उपाध्याय पद के संस्कार गणाचार्य श्री108 विराग सागर जी ने श्रमण मुनि श्री 108 विशोक सागर, श्रमण मुनिश्री 108 विनिश्चल सागर, श्रमण मुनिश्री 108 विश्रुत सागर, श्रमण मुनिश्री विहसन्त सागर, श्रमण मुनिश्री विभंजन सागर, श्रमण मुनि श्री विकसंत सागर, श्रमण मुनिश्री 108 विरंजन सागर जी के विधि विधान से किये। संघस्थ श्रमण मुनिश्री 108 विश्व नायक सागर जी के लिए प्रवर्तक घोषित कर संस्कार प्रदान किये। ऐलक श्री105 विनियोग सागर जी के लिए मुनि पद प्रदान किया आचार्य श्री ने साथ ही संघ के क्षुल्लक 105 श्री विसौमय सागर, क्षुल्लक 105 श्री विविक्षित सागर, क्षुल्लक 105 श्री विश्वसाम्य सागर, क्षुल्लक 105 श्री निर्वेग सागर जी महाराजो के लिए मुनिपद प्रदान कर गुरुदेव ने अनुकंपा प्रदान की साथ ही आज गुरुदेव श्री108 विराग सागर जी कई वर्षो से संघस्थ रहने वाले ब्रह्मचारी भैया कैलाश चंद्र जी उम्र 70 वर्ष निवासी बृजपुर पन्ना, प्रकाश चंद जी उम्र 78 वर्ष निवासी पथरिया के लिए भी क्षुल्लक दीक्षा प्रदान की जिनके नामकरण संस्कार में क्षुल्लक 105 श्री विश्वोतीर्ण सागर एवं क्षुल्लक 105 श्री विश्वासी सागर नाम प्रदान किया गया।साथ ही लगभग 25 वर्षो से भारत गौरव आचार्य श्री 108 विराग सागर जी की आज्ञा अनुवर्ती शिष्या श्रमणी आर्यिका 105 विशिष्ट श्री माता जी को गणनी आर्यिका पद से विभूषित किया।आज पंडाल में इतनी अधिक जनता आई हुई थी कि लोग पंडाल के बाहर भी ख? होकर दीक्षाएँ देखकर धर्म लाभ ले रहे थे।साथ ही दिल्ली, ग्वालियर, डबरा, मुरैना, झांसी, टीकमग?, रायपुर, कानपुर, मुंबई, नागपुर से भी अनेक भक्त दर्शन की भावना लेकर आये थे साथ ही भगवान धर्म नाथ की 31 फुट की विशाल काय का अभिषेक करने का पुण्यलाभ भी श्रावको को मिला। जैन समाज के गौरव प्रखर विद्वान जैन साहित्य की महान विभूति पंडित भागचंद, भागेन्दू दमोह निवासी का सम्मान भी श्रीमति सुधा मलैया एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया द्वारा किया गया।साथ ही जैन साहित्य की ब?ी हस्ती श्री मति अल्पना ग्वालियर का सम्मान भी विरागोदय तीर्थ समिति द्वारा किया गया। विरागोदय मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने बताया लगभग 30000 से अधिक जनता ने कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान की एवं महामस्तकाभिषेक का लाभ भी भक्तों को आगामी सूचना तक प्राप्त होगा।

# सफाई कर्मचारियों ने दिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

## नगर पालिका के सफाई कर्मचारियो पर हुआ था हमला , जब तक आरोपी पकड़े नही जाते तब तक नही होगा कोई सफाई कार्य

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी सुबह जब अपनी सेवाएं वार्ड मैं दे रहे थे तभी वार्ड क्रमांक 02 शक्तिपुरम कॉलोनी खुड़ा में बाल्मीक सफाई कर्मचारियों के साथ जातिगत सूचक अभद्र गालियों एवं प्राणघातक हमला किया गया है। जबकि उक्त कर्मचारियों द्वारा वही व्हीटीपी स्कूल शक्तिपुरम खुडा में विकास यात्रा का सुभारंभ होने से विकास यात्रा रूट अनुसार एवं सी. एम ओ महोदय एवं सफाई दरोगा द्वारा दिये गये निर्देशन में सफाई कार्य कर रहा थे। उक्त स्थल पर गाड़ी एवं नाली के ऊपर पत्थर रखे होने से सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी उक्त अपराधियों द्वारा स्थल पर आकर माँ बहन की गालियाँ देकर अचानक एवं जोड़े को तलवारों से हमला कर दिया। मौके पर दरोगा द्वारा कर्मचारियों को घायल स्थिति में जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती किया जा चुका है। उन अपराधियों के शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। ऐसी स्थिति में सभी कर्मचारियों द्वारा आक्रोश व्याप्त है। संगठन की और से आपसे अनुरोध है कि अपराधियों के विरुत कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो बाल्मीकि संगठनो के द्वारा आंदोलन किया जाएगा

आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया हैं और दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है यदि मेडिकल मैं किसी गंभीर चोटें आती हैं तो आरोपियों के खिलाप हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज कर लिया जाएगा

**ए एस पी**
**प्रवीण भूरिया शिवपुरी**

# आपका परिणाम ही आपकी योग्यता निर्धारित करता है:कपिल परिहार

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**बदरवास**-शासकीय कन्या उच्चतर माध्य विद्यालय बदरवास में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित किया गया है जिसका शुभारंभ सर्वप्रथम शिक्षक और छात्राओं द्वारा सुंदरकांड पाठ के आयोजन से किया गया उसके उपरांत छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा अपने अपने यहां 4 वर्षों में आए अनुभवों को विद्यार्थियों के बीच बांटासांस्कृतिक कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ जो संजना जाटव, मुस्कान जाटव और रूपा द्वारा प्रस्तुत किया गयाउसके बाद स्वागत गीत अखिलेश जाटव और अंजलि जाटव द्वारा गाया गया शिक्षक चंपालाल ओझा द्वारा स्वागत भाषण रखा गयाकार्यक्रम मे निभाने वाली छात्राओं में यशमनी धाकड ,पुष्पा यादव, शिवानी, खुशी, रोहिणी, परी ,ज्योति, अंजू ,रीना, पिंकू ,ममता, परी ,अखिलेश, अंजलि के बाद मुस्कान जाटव, शिवानी प्रजापति ,लक्ष्मी चंदेल ,भारती जाटव ,मुस्कान जाटव रूपा जाटव संजना जाटव ,अंजलि जाटव, कीर्ति जाटव ,रोनक जाटव ,सृष्टि भट्ट ,अंजलि जाटव, सलोनी कोरी, भोटो बंजारा ,उमा ओझा ,उर्मिला, शिल्पी यादव, रितिका यादव, अजंता पटेलिया ,रोशनी ,रचना आदि छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुति दी गई उसके बाद कक्षा 12वीं की कक्षा अध्यापक श्रीमती ममता श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को आगामी भविष्य की तैयारी हेतु मार्गदर्शक









किया गया इसी क्रम में कक्षा ग्यारहवीं की कक्षा अध्यापक श्रीमती बसंती मंच द्वारा एक गीत के माध्यम से उत्साहवर्धन हेतु मार्गदर्शक किया गया उसके बाद शिक्षक चंद्रभान सिंह वास्तव जी द्वारा कक्षा 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए किस तरह की योजना परीक्षा के लिए की जाए इस विषय पर एक व्याख्यान दिया गया उसके बाद प्राचार्य सभी छात्राओं के लिए प्रोत्साहन हेतु एक व्याख्यान दिया और बताया गया आप परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करें और आगामी भविष्य में भी जिस क्षेत्र में जाएं उस क्षेत्र में महारत हासिल करें अंत में शिक्षक कपिल परिहार द्वारा बताया गया कि आपकी योग्यता की पहचान केवल अंक निर्धारित नहीं करते आपके कार्य की कुशलता और सफलता दोनों ही आपकी योग्यता को प्रदर्शित करती है इसलिए जीवन में जहां भी और जिस क्षेत्र में भी हम काम करें क्षेत्र में अपना 100त्न दे कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा यज्ञ अवस्थी और जूली पंत द्वारा किया गया अंत में सभी छात्राओं और शिक्षकों ने सह भोज कियाकार्यक्रम मेंचंद्रवीरसिंह सेंगर ,चन्द्रभान श्रीवास्तव,ममता श्रीवास्तव,बसंती मिंज, चंपालाल कुशवाह,विनीता कुशवाह, उदयसिंह, मिथलेश मीणा, लक्ष्मण प्रसाद राठौर, चंपालाल ओझा , श्रीकृष्ण सुमन ,संतोष ओझा, कपिल परिहार ,शालिनी श्रीवास्तव, नवेदअली हाशमी, हरवीर सिंह यादव,
बलराम परिहार आदि सैकडों छात्राएं उपस्थित रही

# मोबाइल मॉनिटरिंग में उपस्थित शिक्षक को बताया अनुपस्थित मॉनिटरिंग के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

## स्थानीय विधायक मंत्रियों को देना चाहिए ध्यान

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -शिवपुरी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिले में पदस्थ प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मोबाइल से मॉनिटरिंग हो गई है जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से वीडियो कॉल लगाए जाते हैं पिछले दिनों विद्यालय में शिक्षकों को फोन लगाए गए वीडियो कॉल पर बात भी हुई उसके बाद भी समाचार पत्रों में एक महिला शिक्षिका का नाम छाप दिया कि यह महिला अनुपस्थित मिली हैं फिर ये कैसी मोबाइल मॉनिटरिंग कहीं अवैध वसूली का माध्यम तो नहीं बन गया है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इस महिला ने तो अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन ऐसे सैकड़ों शिक्षक हैं इनसे पांच ?5000 लेकर वसूली की जाती है कर्मचारी संगठनों एवं स्थानीय विधायक मंत्रियों को भी ध्यान देना चाहिए और जिले में हो रही है अवैध वसूली के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए कोई राठौर नाम का व्यक्ति है जो सहायक शिक्षक है लेकिन इस मॉनिटरिंग को संचालित करा रहा है यह व्यक्ति पहले भी विवादित रहा है और जिलाधीश को गुमराह करके अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है ऐसे समाचार शिक्षकों से मिल रहे हैं लेकिन कोई शिक्षक खुलकर कुछ कहने को तैयार नहीं है विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है शिक्षकों से अवैध वसूली जमकर चल रही है लेकिन विभाग के खिलाफ कोई कर्मचारी स्पष्ट रूप से कुछ कहने को तैयार नहीं है

# थाना खनियाधाना पुलिस ने पकड़ी 70 लीडर हाथ भट्टी की कच्ची शराब व फैक्ट्री को किया नष्ट कुल कीमत ?75000

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

**खनियाधाना।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेंद्र सिंह चंदेल द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया था उक्त आदेश के पालन में अति, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एसडीओपी पिछोर प्रशांत वीएम शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 11/02/2023 की रात्रि को खनियाधाना पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी धर्मेंद्र पुत्र भगवत सिंह चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी मुसाव मोहल्ला थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी अपने सलैया वाले खेत ग्राम खिरिया के हार में अवैध रूप से देसी हाथ भट्टी की फैक्ट्री लगाकर जहरीली शराब का निर्माण कर रहा है उक्त सूचना पर दबिश दी गई तो आरोपी अपने खेत सलैया वाले कूआ पर हाथ भट्टी की फैक्ट्री लगा कर शराब निकाल रहा था



आरोपी के कब्जे से मौके पर 70 लीटर देसी हाथ भट्टी की शराब बरामद हुई व शराब बनाने का सामान व ड्रम,05 किलो यूरिया खाद आदि बरामद किए गए तथा तीन हजार लीटर लहान जो जमीन पर गड्ढा खोदकर भरा था जैसे मौके पर नष्ट किया गया आरोपी के विरुद्ध खाना खाएंगे आधा ना कि अपराध क्रमांक 71/2023 धारा 34(1) , 34(2),49(क्र) आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया

**बरामद माल**-दो केनो में 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं शराब बनाने का लोहे का ड्रम एलुमिनियम का डेकचा 05, किलो यूरिया खाद आदि कुल कीमत 75000 की शराब व सामान जप्त किया गया

**इनकी रही भूमिका**-खनियाधाना थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, सउनि , प्रकाश सिंह कौरव , जय वीर गुर्जर , मनजीत मलिक, अरविंद ,धर्मेंद्र किरार, बलराम, अनूप कुमार, सत्यवीर गुर्जर, धर्मेंद्र कुशवाहा, की सराहनीय भूमिका रही

# कर्मचारियों ने दिया धरना,हमारी भी सुनो सरकार नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पेंशन नहीं तो वोट नहीं की रही गूंज : रावत

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक जनक सिंह रावत,प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी के आह्वान पर मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन के लिए धरना प्रदर्शन किए गए इसी क्रम में आज शिवपुरी जिलाधीश कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए धरना दिया एवं प्रदर्शन किया संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत द्वारा बताया गया कि प्रदेश व्यापी धरने में आज शिवपुरी में सभी कर्मचारियों द्वारा सरकार से मांग की गई कि वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है द्यबुढ़ापे के सहारे के लिए कर्मचारियों की आत्मा पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए यदि सरकार बजटमै नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो कर्मचारी विवश होकर पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम मै सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को जोड़ा जाएगा एवं सभी ने संकल्प लिया इस बार पेंशन नहीं तो हमारा वोट भी नहीं और हम अपना वोट पुरानी पेंशन देंगे उस दल को देंगे द्य संघ के बालूराम द्वारा सभी कर्मचारियों से अपील की गई अपने हक अधिकार के लिए जाति धर्म राजनीतिक आस्था को छोड़कर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन के लिए सभी संगठित होकर सरकार तक अपनी मांग पहुंचाएं यदि सरकार तानाशाह हो जाती है तब लोकतंत्र में वोट का अधिकार दिया है अपने वोट का सदुपयोग करें अपना वोट नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन के नाम पर दें संघ के राजेश सोनी ने प्रदेश मै पेश होने वाले बजट सत्र में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन की मांग इस अवसर पर सेंकड़ो कर्मचारीएवं उपस्थिति रहे इनमे वीरेंद्र रावत, राजेश सोनी, बालूराम रावत, सुल्तान आदिवासी, गिर्राज शुक्ला, विनय सिंह, संदीप कुलश्रेष्ठ,संतोष श्रीवास्तव, मुकेश रावत,गजेंद्र सिकरवार,नीरज मिश्रा,बसंती शर्मा,दीपक माझी,रेनू शर्मा, रेखा शर्मा, मेघा गुप्ता,अनीता राठौर,मनोरमा सरैया सुरेश रावत कैलाश चंद्र वर्मा, दिनेश शर्मा,राजेश सेन, निलेश श्रीवास्तव, नीलम गुर्जर, गोविन्द रावत सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे





# 06 साल की बच्ची के साथ बलात्कार एवं हत्या की घटना का 24 घंटे के अन्दर खुलासा करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया







**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 10.02.23 को फरियादी ने अपनी नावालिक लड़की के अपहरण के संबंध में थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि मेरी लड़की उम्र 06 साल दिनांक 10.02.23 को अपनी माँ के साथ वडोरा मे गौड बाबा के स्थान पर हो रही भागवत में गयी थी मेरी पत्नि भागवत सुन कर घर आ गयी पत्नि द्वारा लड़की को कही चला जाना बताया था, फिर मैंने लड़की की तलाश भागवत मे लगने बाले मेले मे व रिस्तदारियों में की जो कहीं नही मिली । फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस थाना करैरा मे नावालिक लड़की के अपहरण के संबंध में दिनांक 10.02.23 रात्रि 11 वजे अपराध क्रमांक 90/23 धारा 363 ताहि पंजीवध्द किया जाकर घटना के संबंध में बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया । बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा नाबालिक बालिका की पतारसी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये । बरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में पुलिस पार्टियां बनाकर अपहृत बालिका की तलाश की गयी जो ग्राम बडोरा के स्कूल के पास सरसों के खेत में मृत अवस्था में मिली जिसकी जांच में पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी है । जिस पर से प्रकरण में धारा 366ए, 376एबी,302 ताहि एवं 5 एम/6 पॉक्सो एक्ट ईजाफा किया गया । प्रकरण सनसनीखेज एवं गंभीर प्रकृति का होने से श्रीमान बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश चंदेल के निर्देशन में आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु अति0 पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. संजय चतुर्वेदी एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना को अंजाम देने बाले दुर्दान्त अज्ञात आरोपी की खोज प्रारंभ की गयी । घटना गंभीर प्रकृति व सनसनीखेज होने से श्रीमान बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश चंदेल एवं अति0 पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया , एस.डी.ओ.पी. संजय चतुर्वेदी एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव एफएसएल अधिकारी डाँ. अखिलेश भार्गव , डाँ. एच.एस बरहादिया मय डॉग स्कॉड टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं आसपास के क्षेत्र की सर्चिंग की साथ ही पुलिस की अलग-अगल टीमों के द्वारा निरंतर वडोरा के आसपास गांव में सर्चिंग की गई , मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर साक्ष्य एकत्रित किये गये । विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घटना दिनांक को शाम 4 वजे करीव वालिका भागवत कथा के पास लगे एक झूले के पास वच्चों के साथ खेल रही थी जिस पर वालिका के साथ खेल रहे वच्चो से पूछताछ की गई तो एक वच्ची के द्वारा वताया कि एक बालक घटना दिनांक को बच्ची के साथ घटना के समय देखा गया था जिसका वच्ची के द्वारा हुलिया भी वताया गया जिस पर से पतारसी कर पुलिस वल द्वारा बडी मेहनत व लगन से बरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना को अंजाम देने बाले बालक की तलाश की गयी तो घटना कारित करने बाला बालक निवासी हाथरस वडोरा अपने खेत पर छुपा मिला उक्त अपचारी बालक ने पूंछताछ में दिनांक 10.02.23 को वडोरा ग्राम में मंदिर के पास स्थित सरसो के खेत में बालिका को ले जाकर उसके साथ बलात्कार करना और बालिका के चिल्लाने पर उसकी हत्या करना स्वीकार किया है । इस अंधे कत्ल व बलात्कार की घटना के गंभीर अपराध का पुलिस द्वारा पर्दाफाश तत्परता से किया है । इस सनसनीखेज घटना के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक करैरा सतीश सिंह चौहान , स्ढ्ढ नीतू सिंह धाकड , स्ढ्ढ नीरज राणा, स्ढ्ढ कुलदीप सिंह , स्ढ्ढ जूली तोमर ,स्ढ्ढ भोलाराम पुरोहित ,सउनि कमल सिंह बंजारा , सउनि जयनारायण, सउनि जितेन्द्र सिंह जाट ,म.प्रआर 796 प्रभावती , प्रआर 136 दुर्गाचरन, आर 696 सोनू पाण्डेय ,आर 670 देवेश तोमर, आर 39 काले खां , आर 165 गोविन्द ,आर,262 सतेन्द्र सिकरवार, आर 739 राघवेन्द्र ,आर 639 सोनू ,आर 1080 संतोष कुशवाह, म आर 943 रजनदीप कौर थाना कोतवाली से निरी. अमित भदौरिया थाना आर.248 भोला आर अजीत, प्रभारी सुरवाया उनि रामेन्द्र सिंह चौहान थाना प्रभारी अमोला उनि संतोष भार्गव , आर संजीव, आर संदीप ,चौकी प्रभारी थनरा सउनि सतीश जयंत आर 130 अंकित सिंह चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि नितिन भार्गव, सैनिक 255 बृजकिशोर शर्मा चौकी प्रभारी खौड उनि अंशुल गुप्ता , आर सुखवीर , साइबर सैल आर 315 विकास चौहान , की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# दिनारा पुलिस ने पकड़ी सात पेटी देसी शराब 63 लीटर कीमती 20300 रुपए व जहरीली शराब की जप्त तथा आरोपी गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**
**दिनारा**





मुखबिर की सूचना पर आरोपी नितेश उर्फ गोलू पुत्र हर प्रसाद प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी चोसीजा थाना दिनारा के कब्जे से सात पेटी देसी मदिरा प्लेन शराब कुल 63 लीटर कीमती 20300 रुपए एव पांच लीडर जहरीली देसी शराब अवैध रूप से रखी पाए जाने से आरोपी के कब्जे से शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अप, राध, क्र,40,23 धारा 34(2) 49 क, आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया **उक्त कार्रवाई में**-थाना प्रभारी दिनारा रामराजा तिवारी, स उनि, योगेंद्र सिंह राणा, स उनि, सोबरन सिंह सिसोदिया , सेवाराम पांडे, आशीष शर्मा, मनोज यादव, पुष्पेंद्र सिंह, पूजा प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही

# अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें सभी अधिकारी



**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी** कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावी रूप से फील्ड में काम होना चाहिए। सभी विभाग हितग्राही मूलक योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएं। क्षेत्र में सहरिया जनजाति परिवारों की बहुलता है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से सहरिया परिवारों को जोड़े, जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा। बैठक में शिक्षा विभाग के जिला परियोजना समन्वयक से समीक्षा करते हुए जिले में संचालित स्कूल, शिक्षकों की उपलब्धता और अतिथि शिक्षक की जानकारी ली और ऐसे कितने स्कूल हैं जहां शिक्षक नहीं हैं। इसके अलावा समूह द्वारा मध्यान भोजन दिया जाता है जिन समूह द्वारा गड़बड़ी की जा रही है ऐसे समूहों पर सभी एसडीएम सख्त कार्यवाही करें। शिवपुरी नगर पालिका सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा है कि शहर में आवारा गोवंश है उसे गौशाला तक पहुंचाया जाए। इसके लिए तीम लगाएं। इसके अलावा यदि अधिकारियों को भी कहीं से गुजरते समय या अपने आसपास क्षेत्र में कहीं आवारा गोवंश दिखता है तो वह नगर पालिका अधिकारी को सूचना दें जिससे गायों को गौशाला तक पहुंचाया जा सके। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई।कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि अभी विकास यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सभी एसडीएम यह ध्यान दें कि विकास यात्रा के दौरान नामांतरण व बंटवारा आदि के प्रकरण का भी निराकरण तत्काल होना चाहिए।

# प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई के संबंध में निर्देश



**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी,** शासन के निर्देशानुसार सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित कर जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। जनसुनवाई शासन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाना है।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए है कि अपने-अपने कार्यालय में मंगलवार के दिन अनिवार्य रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करेंगे तथा जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम से आनलाईन जु?गे। जिला मुख्यालय के अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रति मंगलवार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री चौहान 17 को साडा क्षेत्र के गाँवों को विकास की सौगातें देने आयेंगे



**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 फरवरी को ग्वालियर के साडा क्षेत्र में बसे गाँवों को विकास की बड़ी-बड़ी सौगातें देने आयेंगे। विकास यात्रा के दौरान ग्वालियर जिले के प्रवास पर आ रहे मुख्यमंत्री चौहान के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने अधिकारियों की बैठक ली। सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विकास कार्यों की सौगातें देने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित करेंगे। साथ ही आम जनता से संवाद भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के मुख्य आतिथ्य में साडा क्षेत्र में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम की पुख्ता व्यवस्था करें। व्यवस्थायें ऐसी हों जिससे आम नागरिक सुविधाजनक तरीके से कार्यक्रम स्थल पर पहुँच सकें। बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थायें जल्द से जल्द पूर्ण कर लें। बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी एवं अपर कलेक्टर एच बी शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद

# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक इंगित काव्यगोष्ठी में हुई सुंदर गीतों व कविताओं की प्रस्तुति






**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा, दौलत गंज ,लश्कर ग्वालियर की मासिक इंगित काव्य गोष्ठी में गत दिवस कवियों एवं गीतकारों ने राष्ट्रभाव बोध ,वसंत ऋतु एवं शिवरात्रि पर्व पर आधारित सुंदर गीतों और कविताओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजकिशोर वाजपेयी ÷अभय÷ ने की । मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि विजय कृष्ण योगी एवं विशेष अतिथि के रुप में कवि अमर सिंह यादव मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन रामचरण ÷रुचिर÷ ने किया । प्रारम्भ में कार्यक्रम संयोजक रामचरण÷ रुचिर÷ ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पहार भेंट कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना युवा कवयित्री व्याप्ति उमड़ेकर ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की ।कार्यक्रम का प्रारम्भ उदय भान रजक के गीतों से हुआ ÷उन्होंने कहा ,÷मेरे हे भारत के हीरो ,मां भारती के वीरों, हम को करते जाना है भारत माता की जय जय जय÷। अगले क्रम में जगमोहन श्रीवास्तव ने सुंदर गीत पढ़ते हुए कहा ÷ओ राष्ट्र के सिपाही बदला है अब जमाना ,
सौगंध है वतन की तू फर्ज को निभाना।।÷

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अनिल श्रीवास्तव राही ने कहा÷ बस मिल जाऐं दो मीठे बोल ,जीवन होता है अनमोल।÷ सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात् कवि दिनेश विकल ने कहा,÷ घने काले बादल हैं संकट के जाए, अमन-चैन खतरे में है देशभर में।÷ व्यंग रचना खूब सराही गई।कार्यक्रम के क्रम में कभी रामचरण÷ रुचिर÷ ने कहा ,
कोकिल बागन कूंकती, घोलें मोहक नाद ।
तरुणाई लेकर धरा, करे मौन संवाद ।।

दोहा पढ़कर बसंत का बिम्ब प्रस्तुत किया । इसी क्रम में डॉ.लोकेश तिवारी ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा,
÷ बातें छोड़ चलो पतझड़ की,तुम बसंत के फूल खिलाना ।÷

अगले क्रम में व्याप्ति उमड़ेकर ने सुंदर कविता पढ़ते हुए कहा ,
÷सुनो! बाहरी कठोरता को भीतरी संवेदनहीनता मत समझना ।
यद्यपि भावुकता में बढ़ते चले जाना शिलाओं का स्वभाव नहीं होता ।
प्रकृति के अनूठे उपहार का चित्रण किया ।

अगले क्रम में विशिष्ट अतिथि अमर सिंह यादव ने देश के शहीदों को समर्पित रचना पढ़ते हुए कहा,
÷शहीदों की भीड़ में जो खो गए।
बीज शहादत का वही हो गए ।।÷

मुख्य अतिथि विजयकृष्ण योगी ने प्रेरक रचना प्रस्तुत करते हुए कहा,
÷शब्द की शुद्धि के लिए जैसे व्याकरण चाहिए,
सत्य की खोज के लिए तथ्यों का अनावरण चाहिए ।÷

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज किशोर वाजपेई ÷अभय÷ ने सभी कवियों की प्रस्तुति को सराहते हुए समीक्षात्मक उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की सफलता का द्योतक बताया ?। इस अवसर पर उन्होंने शिव महिमा पर काव्यपाठ करते हुए कहा,÷
शिवम् का भाव ,
सत्यम का अनुराग है ।
सुंदर सृष्टि हुई,
चेतना जगी हुई।

अद्भुत रचना का प्रस्तुतिकरण किया । उसको सभी ने सराहा।

इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव ÷राही÷ के जन्मदिवस पर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अनेक गणमान्यजन श्रोताओं के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉ.लोकेश तिवारी ने किया।


## महापौर डॉ सिकरवार ने किया शताब्दीपुरम में निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं



**ग्वालियर 7** महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने सोमवार को वार्ड 18 स्थित शताब्दीपुरम कॉलोनी में निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शताब्दीपुरम स्थित माधवराव सिंधिया चौराहे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए शताब्दीपुरम डिवाइडर पर गंदगी एवं झाडियां पाए जाने पर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डिवाइडरो पर सूख रहे पौधों को सही करने के लिए डिवाइडर की मिट्टी ठीक करने व निरंतर पानी देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय निवासी सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सफाई की समस्या है एवं गाडी नहीं आती जिसकों लेकर महापौर डॉ सिकरवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फेस टू शताब्दीपुरम में स?क के दोनों ओर अभियान चलाकर मलवा उठाने के निर्देश दिए और क्षेत्र में निरंतर कचरा संग्रहण वाहन आए7 इसके लिए स्वच्छता अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान शताब्दीपुरम 60 फुटा रोड की पेंच रिपेयरिंग गंगा विहार से शताब्दीपुरम तक की रोड 7 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं आदर्शपुरम क्षेत्र में पार्क का निरीक्षण कर पार्क की सफाई कराने एवं पार्क में बनी आंगनवा?ी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्र के नागरिक किशन सिंह जादौन ने बताया कि सीवर लाइन चैक है जिसको सफाई कराने के निर्देश दिए गए7 निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी, पूर्व पार्षद बलवीर सिंह तोमर, उपायुक्त ए पी एस भदौरिया, कार्यपालन यंत्री जागेश श्रीवास्तव, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, सहायक यंत्री विद्युत रामबाबू दिनकर, पार्क अधीक्षक मुकेश बंसल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान, सीवर प्रभारी राजेश शर्मा सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौशाला मे गौपूजन कर नवदम्पतियों ने किया वैवाहिक जीवन का शुभारंभ, संतों का लिया आशीर्वाद

**ग्वालियर ।** नगर निगम की लालटिपारा गौशाला का संचालन कर रहे श्री कृष्णायन संतो ने बताया कि आदर्श गौशाला लाल टिपारा में एक नई परंपरा प्रारंभ हुई।इसमें सोमवार को तीन नव विवाहित जोडों ने आदर्श गौशाला लाल टिपारा पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया और गौमाता का वैदिक विधि विधान के साथ पूजन कर उन्हें गौभोग लगाकर आशीर्वाद लिया।पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित होकर विवाह होने के बाद अक्सर नवदम्पति हनीमून आदि पर जाते हैं, लेकिन अब प्राचीनकाल से चली आ रही भारतीय परंपराओं को ग्वालियर में फिर से प्रचलन में लाया जा रहा है। इसके तहत अब नवदम्पति अपने सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए संतों और गौमाता का आशीर्वाद लेकर आजीवन गौमाता और धर्म की रक्षा का संकल्प ले रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को तीन नवविवाहित दम्पतियों ने गौशाला में संतों और गौमाता का पूजन कर आजीवन गौमाता की सेवा और धर्म का पालन करने के लिए संतो के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। संतो ने भी नवविवाहितों को सफल वैवाहिक जीवन निर्वहन करने का आशीर्वाद दिया आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में अभिषेक-मोनिका यादव, शुभम- साक्षी श्रीवास्तव, अंकिता संदीप पाठक उपस्थित थे।



## मेरा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर स्वस्थ ग्वालियर सुंदर ग्वालियर:बीके आदर्श दीदी



**महाशिवरात्रि पर प्रभात फेरी में शिव संदेश के साथ दिया स्वच्छता एवं व्यसन मुक्ति का संदेश नशा नाश की जड़ है,घर-घर अलख जगाना है अपने गली मोहल्लों को स्वच्छ बनाना है**

**ग्वालियर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा आज माधवगंज क्षेत्र, तारागंज, ढोलीबुआ पुल, समाधिया कॉलोनी आदि क्षेत्रों में शिव संदेश के साथ-साथ स्वच्छता जागरूकता, नशे से दूर रहने के लिए पैदल प्रभात फेरी निकालकर संदेश दिया। जिसमें लगभग 50 से भी अधिक संस्थान से जुडे सेवाधारी एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।प्रभात फेरी का कुशल संचालन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लश्कर क्षेत्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी ने किया। इस अवसर पर आदर्श दीदी ने कहा कि स्वच्छता एक ऐसा शब्द है जिसे सुनकर मन में पवित्रता का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि गली मोहल्ले को साफ सुथरा बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, आदर्श दीदी ने कहा कि कचरा कचरेदान में डालें एवं नालियों को भी साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।बीके आदर्श दीदी ने कहा कि इस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हमें अपने शहर को स्वच्छ बनाने का व्रत लेना है एवं सभी को जागृत करना है। दीदी ने जन जन को परमात्मा शिव का संदेश तथा शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि परमात्मा का अवतरण दिवस महाशिवरात्रि सभी हर वर्ष मनाते है। मनाने के साथ साथ हमें इसके आध्यात्मिक रहस्य को भी जानना चाहिए। परमात्मा की महिमा में हम सभी गाते है सत्यम शिवम सुंदरम। रैली में स्वच्छता के साथ व्यसन मुक्त बनने के लिए भी सभी को प्रेरित किया। नशे से दूर रहने के लिए भी नारे लगाए। रैली में संजय तोतलानी, सुरेश, विनोद,भगवती रौतेला, संजय चौहान, पलक ढींगरा, मिथलेश तिवारी, सुरेंद्र बैस, एवं सुरभि, रोशनी, आरती, एकता, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सरकार मिशन मोड पर गाँवों में घर-घर नल से जल पहुँचा रही ह: भारत सिंह



**ग्वालियर।** सरकार द्वारा शहरों की तरह गाँवों में भी मिशन मोड पर घर-घर नल से जल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत गाँव ङ्क गाँव में नल-जल योजनायें मूर्तरूप ले रही हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण महिलाओं को मिला है। महिलाओं के हित में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ÷लाड़ली बहिना÷ योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर माह एक हजार रूपए की धनराशि सरकार पहुँचायेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भेलाकलां, भेलाखुर्द, सियावरी, खेड़ा व गोबई गाँव में विकास यात्रा के दौरान आयोजित हुए जन संवाद कार्यक्रम में कही। विकास यात्रा के नौवे दिन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने इन गाँवों में लगभग 9 लाख 50 हजार रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों में भेलाकलां, भेलाखुर्द, सियावरी इत्यादि गाँवों की नल-जल योजनायें व पक्की डाम्बरीकृत सड़कें शामिल हैं। कुशवाह ने इन सभी गाँवों में सरकार द्वारा अब तक कराए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित व नए जोड़े गए हितग्राहियों का हिसाब ङ्क किताब ग्राम पंचायतवार प्रस्तुत किया। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, संबल व खाद्यान्न सुरक्षा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 50 से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। विकास यात्रा के दौरान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने सभी गाँवों में विकास कार्यों का हिसाब-किताब व लोकार्पण शिलान्यास के बाद एक ङ्क एक कर सभी जरूरतमंदों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने गाँवों में विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने, हैण्डपम्प, पात्रता पर्ची इत्यादि से संबंधित समस्याओं का निराकरण कराया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि आज जिन पाँच गाँवों में विकास यात्रा पहुँची है उनकी कुल आबादी लगभग 5 हजार से भी कम है। पर सरकार द्वारा इन गाँवों में 8 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया है। इससे जाहिर होता है कि एक परिवार में सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सोमवार को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहुँची विकास यात्रा के दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष दिलराज सिंह किरार तथा कुँवर सिंह जाटव, कैलाश श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राणा, दीपक सिंह गुर्जर, राजेन्द्र सिंह बघेल व चरण सिंह राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। साथ ही एसडीएम अशोक चौहान, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव मिश्रा व नायब तहसीलदार मधुलिका सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478